नई दिल्ली
बुधवार, 12 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 209
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम अधि. 25 न्यून. 09

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## सभी एजेंसियों के एग्जिट पोल का 'अनुमान' सामने आया

# बिहार में एनडीए की ही 'बहार'

## एनडीए को 130 से 209 तक सीटें...महागठबंधन 100 सीटों के नीचे ही

*विपक्ष के वोट चोरी के मुद्दे के बीच बिहार में हुए चुनाव में महागठबंधन की कसावट की असलियत एग्जिट पोल के अनुमानों ने खोल दी है। एनडीए फिर महागठबंधन को बुरी तरह से पटखनी देता दिख रहा है*






### एग्जिट पोल का मतलब साफ

- एनडीए की सरकार बनना तय
- सभी एग्जिट पोल में भाजपा-जेडीयू गठबंधन को बहुमत से आगे
- नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को लगभग दो-तिहाई बहुमत
- तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को बड़ा झटका
- जन सुराज और अन्य दलों का असर सीमित रहेगा
- मतदाताओं ने विकास, स्थिरता और अनुभव पर भरोसा जताया

बिहार: कुल सीटें- 243 | बहुमत के लिए चाहिए: 122

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | राजद+ | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रीज आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | - | 2-6 |
| पीपल्स पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| जेवीसी पोल | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| पीपल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 3-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | - | 3-5 |
| पोलस्ट्रैट | 133-148 | 87-102 | - | 3-5 |
| पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | - | 1-5 |
| प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | - | 0-7 |
| टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | - | 3-6 |
| पी-मार्क | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 0-3 |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में लीजिए फिर एनडीए की बहार यानी नीतीश कुमार की फिर सरकार। 10 एग्जिट पोल के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि राज्य में एक बार फिर नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार बन सकती है। एनडीए को बहुमत से कहीं ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि महागठबंधन अबकी बार पिछड़ता दिख रहा है। सर्वे का 'औसत' साफ बताता है कि एनडीए को लगभग 145-165 सीटें मिल सकती हैं, जो 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े 122 से काफी आगे है। महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस और वाम दल) को 70—100 सीटों के बीच तक सीमित बताया गया है। वहीं, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) को सभी सर्वे में 0 से 5 सीटों के बीच का अनुमान है। अन्य श्रेणी में एआईएमआईएम, हम, और छोटे क्षेत्रीय दलों को मिलाकर 2 से 10 सीटें मिल सकती हैं।

### 65% महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया

मैट्रीज एग्जिट पोल के अनुसार 65 प्रतिशत महिलाओं ने एनडीए को वोट दिया और 27 प्रतिशत महिलाओं ने महागठबंधन को मत दिया। वहीं 52 प्रतिशत पुरुषों ने एनडीए को वोट दिया और 36 पुरुषों ने महागठबंधन को वोट दिया। बिहार के ज्यादातर चुनावों में महिला वोटर नीतीश कुमार को अन्य दलों से ज्यादा पसंद करती रही हैं। टाइम्स नाउ और जेवीसी के एग्जिट पोल में एनडीए को 135-150 सीटों का अनुमान जताया गया है। राज्य में महागठबंधन को 88-103 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा अन्य दलों को तीन से सात सीटें मिल सकती हैं। टीआईएफ के एग्जिट पोल सर्वे के अनुसार एनडीए को 184 से 209 और महागठबंधन को 76-95 सीटें मिल सकती हैं। जन सुराज को एक भी सीट नहीं मिलेगी। बिहार चुनाव 2025 के लिए कराए गए जेवीसी के एग्जिट पोल में एनडीए को 135 से 150 सीटें, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल

पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए।

### खबर संक्षेप

#### पड़ोसी के तमाम आरोप आधारहीन: जायसवाल

नई दिल्ली(ब्यूरो)। इस्लामाबाद में हुए आतंकी हमले को लेकर नई दिल्ली पर आरोप लगाने वाले पाकिस्तानी पीएम को भारत ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का नई दिल्ली ने सख्त लहजे में खंडन किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि पाकिस्तान के सभी आरोप पूरी तरह से निराधार और तथ्यों से परे हैं। जो उसकी पहले से स्थापित रणनीति का हिस्सा मात्र हैं। जिसमें वह भारत के खिलाफ एक गलत और झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश करता है। जिससे उसकी अपनी आम जनता का ध्यान मौजूदा सेना से प्रेरित संवैधानिक बदलावों के संबंधों में बंट सके। लेकिन विश्व समुदाय पाकिस्तान की इस सच्चाई से पूरी तरह से अवगत है और उसे वह अपनी इस रणनीति से बरगला नहीं सकता है। गौरतलब है पाक में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के चरमपंथी संगठनों का हाथ होने का आरोप लगाया है। जिसके जवाब में भारत ने यह प्रतिक्रिया दी है।

महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक-71.6 फ्रीसदी ने डाला वोट, पुरुषों से करीब 9 फ्रीसदी अधिक

## बिहार चुनाव: 66.91 फीसदी बम्पर मतदान ने तोड़ा 1951 का रिकॉर्ड



जहानाबाद में लंबी कतारें नजर आईं, व्हील चेयर पर बुजुर्ग पहुंचीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने इतिहास रच दिया। चुनाव आयोग के अनुसार, इस बार कुल मतदान प्रतिशत 66.91 रहा, जो 1951 में हुए पहले विधानसभा चुनाव के बाद अब तक का सबसे अधिक है। महिलाओं की भागीदारी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य में महिला मतदाताओं ने 71.6 प्रतिशत मतदान कर पुरुषों (62.8 फीसदी) को पीछे छोड़ दिया।

आयोग ने बताया कि यह बिहार के निर्वाचन इतिहास में अब तक का सर्वाधिक महिला मतदान है। दो चरणों में हुए चुनाव में पहले चरण में 65.08 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68.76 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 7 करोड़ 45 लाख से अधिक मतदाताओं में से 3.93 करोड़ पुरुष और 3.51 करोड़ महिलाएं थीं।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने चुनाव प्रक्रिया की निगरानी ईसीआई के नियंत्रण केंद्र से की। दोनों चरणों में 8.5 लाख से अधिक कर्मियों, 2,616 प्रत्याशियों द्वारा नियुक्त 1.4 लाख से ज़्यादा पोलिंग एजेंटों और 243 सामान्य पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई। इस बार पहली बार अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक कार्यक्रम (ईवीपी) के तहत दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलीपींस, बेल्जियम और कोलंबिया के 16 प्रतिनिधियों ने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया।

इन प्रतिनिधियों ने बिहार चुनाव की पारदर्शिता, दक्षता और जनता की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। चुनाव आयोग के अनुसार, किसी भी चरण में पुनर्मतदान नहीं हुआ। आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी शांतिपूर्ण रहे।

1951 के बाद से यह पहला मौका है जब बिहार ने न केवल सर्वाधिक मतदान दर्ज किया, बल्कि महिला मतदाताओं की सक्रियता ने पूरे देश के लिए एक मिसाल कायम की।

## लाल किला ब्लास्ट की घटना का विश्लेषण करते हुए बोले रक्षा विशेषज्ञ

# ऑपरेशन सिंदूर पार्ट-2 से घबराए पाकिस्तान ने आतंकी स्लीपर सेल से कराया हमला?

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली


अलग खबर

राष्ट्रीय राजधानी ही नहीं देश के आकर्षण के सबसे बड़े केंद्र माने जाने वाले लाल किले पर हुए ब्लास्ट की घटना की सुरक्षा एजेंसियां हर एंगल से जांच-पड़ताल करने में जुटी हुई हैं। जिसका निष्कर्ष सामने आने के बाद ये साफ हो जाएगा कि इसके पीछे किसका हाथ है?

घटना को अंजाम देने वाले देश के अंदर के लोग ही हैं या उन्हें सीमा पार से इसके लिए मदद मिली है। इन तमाम तर्कों और कयासों के बीच रक्षा विशेषज्ञ हरिभूमि से बातचीत में दिए अपने विश्लेषण में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 से 10 मई तक पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को याद कर रहे हैं। जिसके पीछे उनका कहना है कि बहुत संभव है कि इतनी भारी मात्रा में ▶▶ शेष पेज 5 पर



एस.बी.एस.अस्थाना



संजय कुलकर्णी

### पैनिक अटैक से जुड़ा धमाका

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस.अस्थाना ने बताया कि ब्लास्ट को देखकर साफ हो जाता है कि ये सामान्य सिलेंडर धमाका नहीं था। अगर ऐसा होता तो सिलेंडर फटता और केवल एक वाहन ही जलता। इतना नुकसान होने से लगता है कि मामला काफी गंभीर है। जिस तरह से डॉक्टर की गिरफ्तारी हुई है। उससे भी स्पष्ट है कि देश के अंदर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एक्टिव था नापाक प्लान 'बी'

मेजर जनरल अस्थाना ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऐसी घटना की उम्मीद की जा सकती है। क्योंकि आज की तारीख में पाकिस्तान पहले से प्लान 'बी' के साथ तैयार नजर आ रहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीमा पार एक्शन संभव नहीं

लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने बताया, पाकिस्तान की भारत को तोड़ने और अस्थिर करने की मंशा तो पहले से ही है। इसके लिए वो कुछ भी करेगा। लालकिला धमाके से लगता है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### स्लीपर सेल का बड़ा इस्तेमाल-कर्ता आईएस

अस्थाना कहते हैं कि अभी तक इस घटना की जिम्मेदारी किसी आतंकी समूह ने नहीं ली है। लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) और बाकी आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल भारत समेत पूरी दुनिया में एक्टिव हैं। बिना किसी संगठन की मदद के इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक, हथियार जुटाना संभव नहीं है। सेना की भाषा में इस पद्धति को चौथी पीढ़ी का युद्धकौशल कहते हैं। जिसमें स्लीपर सेल अपने आयोजकों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली विस्फोट: अमित शाह ने उच्चस्तरीय बैठक के बाद जाँच का ज़िम्मा दिया एनआईए को



हरिभूमि ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लालकिले के निकट हुए कार विस्फोट के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी। बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, खुफिया निकायों और दिल्ली पुलिस के शीर्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी ख़ुद गृहमंत्री अमित शाह ने पोस्ट के ज़रिए दी। अधिकारियों के बयान और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह विस्फोट रेड फोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी कार में हुआ और घटना में प्रारम्भिक तौर पर कई लोग मारे गए व घायल हुए हैं। कई लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं। जांच-टीम दुर्घटना स्थल का फॉरेंसिक सर्वे कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह ने एनआईए को अतिशीघ्र जाँच, छानबीन कर ज़िम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया है। आतंकियों के ख़िलाफ़ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने समूचे ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत में अमेरिका के अगले राजदूत के रूप में कार्यभार संभालने वाले सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह में बोले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

## भारत-अमेरिका के बीच जल्द होंगे व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर: डोनाल्ड ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के संबंध में एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि वाशिंगटन डीसी और नई दिल्ली के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह समझौता लगभग तैयार हो चुका है। लेकिन इस बार ये एक नया समझौता ▶▶ शेष पेज 5 पर



### जेडी वेंस ने दिलाई गोर को शपथ

भारत के नए राजदूत सर्जियो गोर को समारोह में अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने शपथ दिलाई। इस आयोजन में अमेरिका के विदेश मंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मनोहर लाल ने एनटीपीसी नेत्रा में भारत की पहली मेगावॉट-घंटे पैमाने की वैनेडियम फ्लो बैटरी का उद्घाटन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को भारत की सबसे बड़ी और पहली 3 मेगावॉट-घंटे क्षमता वाली वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (वीआरएफबी) प्रणाली का उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक परियोजना लंबे समय के लिए ऊर्जा भंडारण (एलडीईएस) संबंधी समाधानों की दिशा में देश का एक बड़ा कदम है, जो नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण और ग्रिड तन्यकशीलता को बेहतर करता है। मनोहर लाल ने ग्रेटर नोएडा स्थित एनटीपीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, ▶▶ शेष पेज 5 पर



## छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में 6 नक्सलियों का शव बरामद, सुरक्षा बलों का अभियान जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ मोदकपाल थाना क्षेत्र के कंदुलनार से लगभग 6 किलोमीटर पश्चिम के घने जंगल क्षेत्र में हुई। सूत्रों के अनुसार, इस मुठभेड़ में कई दौर की गोलीबारी हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने छह माओवादी कैडरों के शव बरामद किए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान फिलहाल की जा रही है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अभी भी सर्च और कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है, ताकि किसी अन्य छिपे हुए नक्सली को पकड़ा जा सके या घायल माओवादियों का पता लगाया जा सके। अभियान में सुरक्षा बलों की संयुक्त टुकड़ी- जिनमें डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ के जवान शामिल थे—ने भाग लिया। यह क्षेत्र लंबे समय से माओवादियों की गतिविधियों के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

## प्रदूषण चरम पर: भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए वायु प्रदूषण के प्रबंधन प्रयासों पर ठोस कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की रोकथाम और उस पर नियंत्रण के लिए चल रहे उपायों का आकलन करने के लिए यह चौथी ऐसी समीक्षा बैठक थी। बैठक के दौरान दिल्ली सरकार के पर्यावरण, वन और वन्यजीव मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित थे। बैठक में सीएक्यूएम, सीपीसीबी, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब की सरकारों, एनसीआर शहरों के नगर आयुक्तों और अन्य संबंधित एजेंसियों ने भाग ▶▶ शेष पेज 5 पर



## प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार का एक्शन जारी

# दिल्ली में ग्रैप तीन का सख्ती से होगा पालन, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति गंभीर होने के बाद दिल्ली सरकार ने ग्रैप तीन का सख्ती से अनुपालन कराने और पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई को हाईब्रिड मोड पर संचालित कराने का फैसला लिया है। वहीं सरकार ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद दी। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार पांचवी कक्षा तक के छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से चलेगी ताकि वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बच्चों को बचाया जा सके। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य की की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कई अन्य प्रभावी निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदूषण से जुड़ी चुनौतियों का समाधान अब मिशन मोड में और बिना किसी देरी के किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में वायु प्रदूषण के तीन प्रमुख कारणों जैसे वाहन प्रदूषण, बायोमास बर्निंग या खुले में कूड़ा जलाना और धूल प्रदूषण पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश जारी किए कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए तत्काल और समयबद्ध कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें, कूड़े के ढेरों का त्वरित निस्तारण और निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण से सम्बंधित नियम जैसी व्यवस्थाएं पहले से सख्ती से लागू हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार मौजूदा प्रदूषण स्थिति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए मिशन मोड में कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रैप तीन को सख्ती से लागू किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाली निर्माण साइटों या अन्य प्रदूषण स्त्रोतों पर तुरंत सीलिंग की कार्रवाई की जाए और उनपर भारी जुर्माना लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरणीय मानकों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने इस वर्ष एनफोर्समेंट टीमों की संख्या को बढ़ाकर 2 हजार 88 कर दिया गया है। इन अतिरिक्त टीमों को विशेष रूप से उन स्थानों पर तैनात किया जाएगा। साथ ही डिविज़नल कमिश्नर और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट्स को इन सभी टीमों की निगरानी करने के भी निर्देश दिए गए है। ये टीमें सड़कों पर गश्त करेंगी, वाहनों का निरीक्षण करेंगी और मानदंडों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करेंगी।

मुख्यमंत्री धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने एमसीडी, पीडब्ल्यूडी और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि दिल्ली की सड़कों को शीघ्र 'वॉल टू वॉल' बनाया जाए, ताकि सड़क किनारों पर जमा धूल को पूरी तरह समाप्त किया जा सके और स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके साथ साथ सड़को पर मौजूद गड्ढों की तत्काल पहचान कर उनकी मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी प्रदूषण हॉटस्पॉट क्षेत्रों में 300 से अधिक मिस्ट स्प्रे सिस्टम को 30 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए गए है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर लंबे समय से बिना निस्तारण पड़े ठोस अपशिष्ट और कूड़े को नियमित एवं सतत अभियान के तहत तुरंत साफ किया जाए। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा सीएंडडी कचरे को प्रतिदिन हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने दिल्ली मेट्रो, एनबीसीसी, एनसीआरटीसी, और एनएचएआई जैसी सभी निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान धूल नियंत्रण उपायों का पूर्ण पालन किया जाए। मुख्यमंत्री ने एनबीसीसी को निर्देश दिया कि सीएंडडी वेस्ट के उचित निस्तारण और रीसाइक्लिंग के लिए एक प्रभावी मैकेनिज्म विकसित कर, उसपर कार्य किया जाए। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि स्वच्छता के प्रति जवाबदेही बने।



### खुले में कचरा और बायोमास जलाने पर रोक

खुले में कूड़ा और बायोमास जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उन घरों की पहचान करने का निर्देश दिया, जो अभी भी खाना पकाने के लिए चूल्हे या पारम्परिक ईंधन का उपयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जोड़ने के लिए त्वरित अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त ठंड के मौसम में खुले में आग जलाने से बचने के लिए, सिक्योरिटी गार्ड को इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध किये जाएंगे।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस साल पहली बार 'गंभीर' श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता इस मौसम की सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 428 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने के बाद मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में क्रमिक प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत कड़े प्रदूषण-रोधी उपाय लागू किए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सोमवार को जारी 24 घंटे के औसत एक्यूआई आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता 362 के एक्यूआई के साथ 'बहुत खराब' रही थी जो मंगलवार शाम और खराब होकर 428 हो गई। सीपीसीबी वर्गीकरण के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। दिवाली के बाद से दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार खराब या बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है और यह बीच-बीच में गंभीर श्रेणी में भी दर्ज की गई है।

### न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी

शहर में पिछले हफ्ते से तापमान में भी गिरावट जारी है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस कम 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। दिल्ली में ठंड के दस्तक देने के बाद सोमवार को मौसम की पहली शीत लहर दर्ज की गई और आया नगर स्टेशन पर तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

- बच्चों की सुरक्षा के लिए पांचवीं कक्षा तक के स्कूल हाइब्रिड मोड में होंगे संचालित

## प्रदूषण मापक संयंत्रों पर पानी का छिड़काव कर बनाया जा रहा है नकली डेटा : सौरभ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और सांसों पर गहराते संकट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार, फ्रॉड और फर्जीवाड़ा सरकार है। प्रदूषण मापने वाले संयंत्रों पर दिन रात पानी का छिड़काव कर प्रदूषण का नकली डेटा बनाया जा रहा है। इतिहास में पहली बार दिल्ली में पढ़े लिखे बुद्धिजीवी और पेशेवर लोग प्रदूषण और भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे। एक्सपर्ट बता रहे हैं कि दिल्ली अब लोगों के रहने लायक नहीं रहा, कुछ हफ्तों के लिए दिल्ली छोड़ दो। सौरभ ने कहा कि प्रदूषण तो दिल्ली में पहले भी था मगर इतने बुरे हालात पहले कभी नहीं थे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब जब प्रदूषण का स्तर बढ़ता है, मॉनिटरिंग स्टेशन बंद कर दिए जाते हैं ताकि एक्यूआई कम दिखाई जा सके, ये सीधा फर्जीवाड़ा है। सौरभ ने कहा कि हेल्थ एक्सपर्ट और डॉक्टरों का कहना है कि खांसी, अस्थमा, सांस और फेफड़ों की बीमारी के इतने बुरे हालात कभी नहीं थे। बड़े बड़े एक्सपर्ट कह रहे हैं दिल्ली अब लोगों के रहने लायक शहर नहीं रहा, 6-8 हफ्तों के लिए दिल्ली छोड़ दो।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **करण उर्फ काशी, पुत्रः सुरेश, निवासीः वाई–164, मंगोल पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.903/2017 U/S 354/354D/506/451 IPC** के तहत एक मामला **थाना मंगोल पुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **करण उर्फ काशी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **करण उर्फ काशी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.903/2017 U/S 354/354D/506/451 IPC, थाना मंगोल पुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **करण उर्फ काशी** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **16.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(महिला न्यायालय–01) उत्तर–पश्चिम जिला,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली


DP/15092/OD/2025
(अदालती मामला)



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

DD.NO.27 दिनांक 19.10.2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।

मृतक की पहचान
नाम- नामालुम
पिता का नाम नामालुम
पता- नामालुम ।
उम्र-40 वर्ष लगभग ।
कद-5 फुट ।
**हुलियाः** रंग गेंहुआ, हष्ट-पुष्ट शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, आंखे बंद, गली सड़ी अवस्था में मिली हैं।
पहनावा कमर के नीचे नीले रंग की जिन्स पहने हुए हैं।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 18.10.2025 को एक नाम पता नामालुम व्यक्ति का शव NCR नहर ककरोई से बवाना दिल्ली गुरुग्राम बा हद रकबा गाँव ककरोई/महलाना सोनीपत से नहर में मिली हैं इस नाश को शिनाख्त हेतू भगत फूल सिंह खानपुर कलां सोनीपत में 72 घटें के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। अगर मृतक के बारे में कोई सूचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो॰ न0-7419410534
अनुसंधानकर्ता मो॰ न॰- 9813229285
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4113/2026/40214/88/7 दि. 11.11.2025


### स्टैंड पर रोकने के संकेत के बाद भी नहीं रोकते हैं बसें

# सड़क पर हल्का जाम दिखा तो बस संवाहक के पेट में हो गया दर्द

- मनमाने तरीके से चल रही है रात को सरकारी बसें
- रात के समय जल्दबाजी में रहते हैं चालक, संवाहक

दया राम ⏭ नई दिल्ली

लालकिला बम हादसे के बाद आजादपुर सब्जी मंडी पर सब्जी वाहनों की सघन जांच चल रही थी। जिसके चलते वाहनों की गति धीमी हो गई थी और यातायात जाम आजादपुर चौक के पास आदर्श नगर थाने तक आ गया था लेकिन फिर भी वाहनों का आगे बढ़ना जारी था। सोमवार को इन्द्रपुरी से जहांगीर की तरफ रूट नंबर 159 पर संचालित डीएल51 जीडी 8933 नंबर के बस चालक और संवाहक ने रात करीब 10:25 पर जहांगीर पुरी जाने की बजाय मनमाने तरीके से यात्रियों को आजादपुर चौक पर ही उतारना शुरू कर दियाऔर बोलने लगे की वे पहले ही करीब डेढ घंटा लेट हो गये है। जब यात्रियों ने आगे चलने की बात कही तो संवाहक ने बस चालक को कहा कि वह कह देगा कि संवाहक के पेट में दर्द हो गया है इसलिए सवारी उतार दी है।

वहीं, सोमवार रात करीब 11 बजे 136 रूट पर चलने वाली डीएल 1पीडी 5122 बस चालक ने भी जल्दी के चलते अलीपुर बीडीओ बस स्टैंड पर बस नहीं रोकी। इसके अलावा रूट नंबर 78, 978, 131, 136 रूट के कुछ चालक बस स्टैंड पर बसों को ही नहीं रोकते हैं। क्योंकि रात के समय नंबर प्लेट पर नंबर दिखने कम हो जाते हैं और बस का जीपीएस चालू नहीं होने के चलते वन एप पर भी कई बार बस नहीं दिखती है।

### सरकार को रात के समय भी करनी चाहिए जांच

दिल्ली में इन दिनों वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में चला गया है और ऐसे में दिल्ली सरकार नागरिकों से सार्वजनिक बसों में यात्रा करने को कहती है। साथ ही दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने भी कुछ दिनों पर बसों की कमी से इंकार किया है। लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाए तो रात के समय दिल्ली सरकार के अंतर्गत सेवाएं दे रही क्लस्टर बस के चालकों और उसमें तैनात डीटीसी संवाहकों की मनमानी बदस्तूर जारी है। बता दें कि दिन के समय जहां अनकों जगह डीटीसी की टिकट जांच टीम मौजूद रहती है, वहीं रात के समय यह टीम नजर ही नहीं आती है।

## प्रदेश कांग्रेस ने चुनावी रणनीति के लिए की बैठक



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जमीनी स्तर पर चुनावी रणनीति बनाने के लिए 12 वार्डों के सभी उम्मीदवार, विधानसभा इंचार्ज, आर्ब्जवर, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों और कंट्रोल रूम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में की। देवेन्द्र यादव ने बैठक में मौजूद सभी नेताओं को चुनाव संबधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए और भाजपा और आम आदमी पार्टी की प्रत्येक वार्ड की नाकामियां प्रत्येक बूथ पर उजागर करने के दिशा निर्देश दिए।

## भारतीय को बनाना है एआई साक्षरता से सशक्त : अनुराग सिंह ठाकुर




- 'एआई फॉर एवरीवन : टूल्स, स्किल्स एंड एथिक्स' पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विकसित भारत 2047 की दिशा में प्रत्येक भारतीय को एआई साक्षरता से सशक्त बनाना है। मुख्य अतिथि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने "एआई फॉर एवरीवनः टूल्स, स्किल्स एंड एथिक्स" नामक दो दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बनने और एक सच्ची सॉफ्ट पावर बनने की यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की जहां हर भारतीय एआई साक्षर हो, जो "विकसित भारत 2047" के देश के दृष्टिकोण के अनुरूप हो। ठाकुर ने जोर देकर कहा कि एआई इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति होगी, जो उद्योगों को बदल देगी और जीवन में सुधार करेगी। डीयू से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीएसजे) ने पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन के सहयोग से मंगलवार को सत्यकाम भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय में इस कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के महत्व को रेखांकित करते हुए, और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और डीएसजे के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुथियाला ने कहा कि यह कार्यशाला प्रौद्योगिकी और मीडिया शिक्षा के बीच की खाई को पाटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वपूर्ण आयोजन ने पत्रकारिता और मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे प्रतिभागियों को तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में पनपने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस किया जा सके।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय :- उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में मनोविज्ञान विषय में (विज्ञा. सं. 63/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट।**

निम्नलिखित पद के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करने का निर्णय लिया है।

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पद और विभाग का नाम | परीक्षा की तिथि व सत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | 63/2024 | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 21.12.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |

दिनांक : 07.11.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/363/2026/40193/88/7 दि. 11.11.25


## फांसीघर मामले में विधानसभा के समन के खिलाफ केजरीवाल और सिसोदिया की याचिका विचारणीय नहीं: अदालत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फांसीघर मामले में दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति द्वारा जारी समन के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया, की याचिका प्रथम दृष्टया 'विचारणीय नहीं' है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने यह मौखिक टिप्पणी उस वक्त की जब उनके समक्ष याचिका सुनवाई के लिए आई और विधानसभा कार्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील के अनुरोध पर इसे आगे की कार्यवाही के लिए बुधवार को सूचीबद्ध कर दिया गया, क्योंकि वह (वकील) किसी अन्य अदालत में व्यस्त थे। दिल्ली विधानसभा ने आप के वरिष्ठ नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, रामनिवास गोयल और राखी बिड़ला को तलब किया है और उन्हें पिछली आप सरकार के फांसीघर संबंधी दावों की जांच कर रही समिति के समक्ष 13 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। केजरीवाल और सिसोदिया ने समन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उनका कहना है कि नोटिस से पता चलता है कि कार्यवाही किसी शिकायत या रिपोर्ट पर आधारित नहीं है और न ही इसमें विशेषाधिकार हनन या अवमानना का कोई प्रस्ताव है। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, विधानसभा कार्यालय, विशेषाधिकार समिति और उपसचिव (विधान) के वकीलों ने प्रारंभिक आपत्ति उठाते हुए कहा कि याचिका विचारणीय नहीं है। उन्होंने अदालत से बुधवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया।

आप नेताओं के वकील ने अनुरोध किया कि स्थगन आवेदन में नोटिस जारी किया जाए, क्योंकि उनके द्वारा चुनौती दी गई नोटिस, अधिकार क्षेत्र से बाहर है। विधानसभा परिसर के अंदर 22 अगस्त, 2022 को 'फांसी घर' का उद्घाटन केजरीवाल और सिसोदिया की उपस्थिति में किया गया था, जब वे दिल्ली के क्रमशः मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री थे। केजरीवाल समारोह के मुख्य अतिथि थे और विधानसभा की तत्कालीन उपाध्यक्ष राखी बिड़ला सम्मानित अतिथि थीं, जबकि विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष गोयल ने समारोह की अध्यक्षता की थी।


**डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा पैलेस, नई दिल्ली-110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

**30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही हेतु 30.09.2025 अअंकेक्षित | पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह 30.09.2024 अअंकेक्षित | पूर्ववर्ती 3 माह समाप्त तिमाही 30.06.2025 अअंकेक्षित | वर्ष से तिथि आंकड़े 30.09.2025 अअंकेक्षित | समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 21.58 | 0.09 | 15.51 | 17.86 | 78.30 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व) | 2.34 | (15.59) | 15.51 | 17.86 | 16.78 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 2.34 | (15.59) | 15.51 | 17.86 | 16.78 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 2.34 | (15.59) | 15.51 | 17.86 | 16.78 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 1.75 | (15.59) | 11.62 | 13.38 | 12.33 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/- प्रत्येक | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 |
| 7 | रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | |
| | बेसिक : | 0.02 | (0.13) | 0.10 | 0.12 | 0.11 |
| | डायल्युटेड : | 0.02 | (0.13) | 0.10 | 0.12 | 0.11 |

**टिप्पणी :-**

1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 10 नवम्बर 2025 को आयोजित इसकी बोर्ड मीटिंग में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत ये स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किये गये हैं और तदानुसार, ये वित्तीय परिणाम तुलनात्मक रिपोर्टिंग अवधि हेतु परिणामों के साथ-साथ कम्पनी अधिनियम 2013 ("दि एक्ट") की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों 34 "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" ("Ind AS 34") में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों, और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज के अनुसार और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015, संशोधित अनुसार (दि "लिस्टिंग रेगुलेशंस") के नियमन 33 के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अथवा अन्य नियामकों द्वारा जारी किसी अप्लीकेशन गाइडेंस / स्पष्टीकरणों / निर्देशों को जब भी और जैसे भी वे जारी / लागू किये गये हैं, को क्रियान्वित किया गया है।
4. भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में, 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" (Ind AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट्स नहीं हैं और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
राजेश गुप्ता
निदेशक
डीआईएन : 00025324

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.11.2025


### सीएम ने बुलाई विशेष बैठक में दिल्ली की सफाई को लेकर लिए कई प्रभावी निर्णय


# कूड़े के निपटान को विभिन्न इलाकों में लगेंगे कम्पेक्टर विशेष मशीनों से होगा हरित कूड़े का निस्तारण : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिए दिल्ली सरकार कूड़े के निपटान के लिए विभिन्न इलाकों में आधुनिक कम्पेक्टर लगाए जाएंगे और हरित कूड़े के निपटान के लिए विशेष मशीनें लगाई जाएंगी। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दिन में एक बार फील्ड में जाएं और कूड़े की सफाई पर निगरानी रखें। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद दी। मुख्यमंत्री का कहना है कि सफाई को लेकर हमारी सरकार बेहद संवेदनशील है। राजधानी को साफ-सुथरा बनाकर ही 'विकसित दिल्ली' का हमारा सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि सड़कों के निर्माण को लेकर संबंधित विभागों की एक विशेष समिति भी बनाई जा रही है। बैठक में सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार के अलावा डीडीए, पीडब्ल्यूडी, डीएसआईआईडीसी व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री का कहना था कि पिछली सरकार ने दिल्ली की सफाई व स्वच्छता को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई थी, लेकिन हमारी सरकार इस मसले को लेकर लगातार चिंतन कर रही है। उन्होंने कहा कि जब छोटे शहर सफाई के मामले में आगे निकल सकते हैं तो दिल्ली को तेज रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए।

## रोते बिलखते परिजन







# लाल किला विस्फोट

# मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 12

## नहीं थम रहे आंसू





**लाल किले के पास हुए बम धमाके में तीन और लोगों की मौत के बाद इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पुलिस द्वारा मंगलवार को यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं जांच नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है। दिल्ली पुलिस और अन्य जांच व सुरक्षा एजेंसी भी इसमें सहयोग करेंगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक आई20 कार में शक्तिशाली विस्फोट में रात तक नौ लोगों के मरने और 20 अन्य के घायल होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि तीन और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 12 हो गई है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को इस घातक विस्फोट के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है।

दिल्ली पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। राजधानी को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है और हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों समेत तमाम एतिहासिक इमारतों व प्रमुख बाजारों की कड़ी निगरानी की जा रही है।

### यूएपीए व विस्फोटक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज

धमाके को दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी में 'बम विस्फोट' करार दिया गया और इस घटना में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी हमले की साजिश व सजा से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कोतवाली थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी, यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत दर्ज की गई है जो आतंकवादी हमले के लिए सजा और साजिश से संबंधित है। इसके अतिरिक्त, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत धारा तीन जीवन को खतरे में डालने वाले विस्फोट के लिए और धारा चार विस्फोट करने के प्रयास के लिए भी आरोपों में जोड़ी गयी हैं।



फोरेंसिक टीम घटनास्थल से नमूने एकत्र करते हुए।

## विस्फोट से पहले कार के 11 घंटे की यात्रा से संदिग्ध गतिविधि का पता चला



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विस्फोट में इस्तेमाल की गई कार के 11 घंटे के रूट का पता लगा लिया है। जांच से पता चला है कि कार हरियाणा के फरीदाबाद से राजधानी के बदरपुर बॉर्डर से दाखिल हुई थी। सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और टोल प्लाजा से प्राप्त आंकड़ों से जांच अधिकारियों को वाहन की गतिविधियों की विस्तृत समय-सीमा जानने में मदद मिली है। कार का सफर सोमवार सुबह फरीदाबाद से शुरू हुआ और दिल्ली के कई हिस्सों से होते हुए सोमवार शाम करीब 6:52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास समाप्त हुआ। कार को सबसे पहले सुबह करीब 7:30 बजे फरीदाबाद के एशियन अस्पताल के बाहर देखा गया। करीब 8:13 बजे इसने बदरपुर टोल प्लाजा पार किया और दिल्ली में प्रवेश किया। सुबह 8:20 बजे ओखला औद्योगिक क्षेत्र के पास एक पेट्रोल पंप के पास से गुजरती हुई गाड़ी की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हुई। जांच अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 3:19 बजे, कार लाल किला परिसर से सटे एक पार्किंग क्षेत्र में पहुंची, जहां वह कथित तौर पर लगभग तीन घंटे तक खड़ी रही। शाम 6:22 बजे कार को पार्किंग क्षेत्र से निकलकर लाल किले की ओर जाते देखा गया। विस्फोट से पहले का यह 30 मिनट का समय अब जांच का मुख्य पहलू है। पुलिस व एनआईए पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वाहन के अंदर कौन था। गाड़ी के पार्किंग क्षेत्र से निकलने के बमुश्किल 24 मिनट बाद शाम लगभग 6:52 बजे जोरदार विस्फोट ने चलती कार को तहस-नहस कर दिया। विस्फोट से गाड़ी के परखच्चे उड़ गए, शवों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए, आस-पास की इमारतों और मेट्रो स्टेशन की खिड़कियां टूट गई। विस्फोट से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में दहशत फैल गई। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि यही कार एक पेट्रोल पंप के बाहर भी देखी गई, जहां वह प्रदूषण प्रमाण पत्र लेने गई थी। सूत्र ने कहा, हमारी जांच जारी है। हमें पता चला है कि कार ने एक पेट्रोल पंप से प्रदूषण प्रमाणपत्र हासिल किया था, ताकि अगर पुलिस उसे सीमा के पास रोके, तो वह सभी दस्तावेज़ दिखा सके।

## 12 मृतकों में टैक्सी चालक और सौंदर्य प्रसाधन की दुकान का मालिक शामिल

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के 18 वर्षीय नोमान अंसारी अपनी दुकान के लिए सौंदर्य प्रसाधन खरीदने राजधानी आया था और लालकिले के पास हुए शक्तिशाली विस्फोट में उसकी जान चली गई। शामली के झिंझाना कस्बे के रहने वाला नोमान अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। नोमान के रिश्तेदार फुरकान ने बताया कि नोमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका रिश्ते का भाई अमन घायल हो गया। उसका लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में इलाज जारी है। फुरकान ने बताया कि नोमान का परिवार उसका शव दफनाने के लिए राजधानी से ले जाने की तैयारी कर रहा है। पीड़ित के रिश्तेदार एवं नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास एक दुकान में काम करने वाले सोनू ने कहा कि आज सुबह-सुबह मेरे रिश्तेदार का फोन आया कि नोमान नहीं रहा और उन्होंने मुझे एलएनजेपी अस्पताल पहुंचने को कहा। इसके अलावा मृतकों में अमरोहा जिले के रहने वाले 34 वर्षीय अशोक कुमार भी शामिल हैं, जो दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में बतौर बस कंडक्टर कार्यरत थे। एक अन्य मृतक की पहचान 22 वर्षीय पंकज सहनी के रूप में हुई है, जो टैक्सी चलाता था। उनके रिश्तेदार रामदेव सहनी ने बताया कि दिल्ली के कोतवाली पुलिस थाने से सोमवार शाम हुए विस्फोट में उनके रिश्तेदार की मौत होने की सूचना मिली थी। इस विस्फोट में 12 लोग मारे गए है। वह शव लेने के लिए मुर्दाघर के बाहर इंतजार कर रहे थे, जबकि मृतक के भाई और पिता अंदर कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए गये थे। रामदेव सहनी ने कहा कि वह तीन साल से टैक्सी चला रहा था। हमें बताया गया कि उसके सिर का पिछला हिस्सा उड़ गया था।

### स्थानीय लोगों ने भयावह मंजर को किया बयां

धमाके के बाद मंगलवार को स्थानीय लोगों ने भयावह मंजर बयां किया। लोगों का कहना था कि आसपास शरीर के अंग बिखरे पड़े थे। ये अंग निकटवर्ती जैन मंदिर तक बिखरे नजर आये और इसकी वजह से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी। चांदनी चौक में बैग बेचने वाली करमजोत ने विस्फोट के कुछ ही पल बाद फैली अफरा-तफरी को याद करते हुए कहा कि मैंने लाल किले की तरफ से बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर दौड़ते देखा और हर कोई चीख रहा था। मैं गुरुद्वारे की तरफ भागी और माहौल के शांत हो जाने तक वहां शरण ली। जैन मंदिर स्पोर्ट्स क्लब के एक कर्मचारी जेपी मिश्रा ने बताया कि आपातकालीन दलों के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोग घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े थे। उन्होंने कहा कि जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा तो मैंने हर जगह क्षत-विक्षत शव देखे। शरीर के कुछ अंग तो मेरे पैरों के नीचे भी आ गए। जैन मंदिर के पास रहने वाली प्रत्यक्षदर्शी कर्मायता देवी ने बताया कि उनका परिवार पूरी रात सो नहीं पाया।

## लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद, यातायात पुलिस ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** विस्फोट के एक दिन बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन यात्री सेवाओं के लिए मंगलवार को बंद कर दिया गया और इस क्षेत्र में यातायात पाबंदियां भी लागू की गई हैं। बाकायदा इसके लिये अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई। उधर दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में कहा सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद है।

सभी अन्य स्टेशन सामान्य रूप से चालू हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श जारी करते हुए बताया कि नेताजी सुभाष मार्ग पर छत्ता रेल कट से सुभाष मार्ग कट तक आने-जाने के दोनों मार्गों और सर्विस रोड पर प्रतिबंध लगाए गए हैं तथा मार्ग परिवर्तित किए गए हैं।

यातायात पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे सुबह छह बजे से अगले आदेश तक इन मार्गों पर जाने से बचें और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें। परामर्श में कहा गया है, नेताजी सुभाष मार्ग पर छत्ता रेल कट से सुभाष मार्ग कट तक किसी भी वाहन को आने-जाने की अनुमति नहीं होगी।

राजधानी में हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## कार चालक का फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से संबंध का खुलासा : सूत्र

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास जिस आई20 कार में सोमवार शाम को विस्फोट हुआ, उसके चालक का कथित तौर पर फरीदाबाद आतंकवादी मॉड्यूल से संबंध था। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों के अनुसार पुलवामा का निवासी और पेशे से चिकित्सक उमर मोहम्मद कथित तौर पर वह आई20 कार चला रहा था, जो लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग क्षेत्र में हुए विस्फोट में इस्तेमाल हुई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक पुलिस जांच के अनुसार विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, ईंधन तेल और डिटोनेटर का इस्तेमाल किया गया हो सकता है। पुलिस सूत्र ने कहा कि प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिलता है कि दिल्ली में हुए विस्फोट का फरीदाबाद के आतंकवादी मॉड्यूल से संबंध हो सकता है, जहां से 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया गया था। हालांकि अंतिम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में मास्क पहने हुए एक व्यक्ति को कार चलाते हुए देखा जा सकता है। कई टीम को लाल किले और उसके आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के लिए तैनात किया गया है। गौरतलब है कि विस्फोट के कुछ घंटे पहले पुलिस ने तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर सफेदपोश आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त करने का दावा किया था।

## धमाके में जान गंवाने वालों के परिजनों को दिल्ली सरकार देगी 10 लाख का मुआवजा



**नई दिल्ली।** लालकिला क्षेत्र में हुए भीषण धमाके से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के परिवारों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों को समुचित उपचार और वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पीड़ित व्यक्ति इलाज के अभाव में पीड़ा न सहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्फोट में स्थायी रूप से अशक्त हुए पीड़ित को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 2 लाख रुपये और साधारण घायल हुए व्यक्ति को 20 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री के अनुसार किसी भी व्यक्ति का यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसे कोई भी भर नहीं सकता। दिल्ली सरकार इस कठिन घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## खबर संक्षेप

### इमरान खान को मानहानि के मामले में तलब




**गाजियाबाद।** कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा व इमरान खान को मानहानि के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या प्रताप सिंह की कोर्ट ने तलब किया है। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। कोर्ट ने 12 दिसंबर की तारीख लगाई है। जानकारी के अनुसार सांसद और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अतुल गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि इंडिया अलायंस के पार्टी कार्यालय पर डॉली शर्मा ने मीडिया के सामने कहा था कि अतुल गर्ग भूमाफिया हैं, जिन्होंने 31 हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर कब्जा कर ली है।

### अवैध हथियार रखने के मामले में 3 काबू



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच की अलग-अलग टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 देसी कट्टे बरामद किये है। अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने भगवत को देसी कट्टा सहित व मोनू को सेक्टर-48 के पास से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

### शादी विवाह वाले पटाखे व मशाला बरामद




**फरीदाबाद।** शादी विवाह में चलाने वाले पटाखे व रॉ-मटेरियल रखने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। फरीदाबाद में शादी विवाह में चलाने वाले पटाखे बिना किसी अनुमति के बनाए जा रहे थे। जिस पर त्वरित पुलिस टीम द्वारा रेड की गई तथा मौका से 40 किलो ग्राम निर्मित पटाखे व लगभग 29 किलो ग्राम रॉ-मटैरियल जब्त किया गया तथा दो आरोपियों को मौका पर काबू किया है।

### क्रैडिट कार्ड से 762900 निकालने वाले आरोपी



**फरीदाबाद।** फोन हैक कर बैंक खाता व क्रैडिट कार्ड से 762900 रूपए निकालने के मामले में आरोपी को काबू किया है।एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि किसी ने उसका फोन हैक कर उसके बैंक खाता से 5 लाख और उसके क्रेडिट कार्ड से 2,62,900 रुपए का लोन लेकर खाता से निकाल लिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### आरोपी के पास से चोरी की 2 बाइक बरामद



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 2 मोटरसाईकिल बरामद की है। अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए अब्दुल पप्पु को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित कबुलपुर रोड से व आदिल खान को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित नाका चैकिंग के दौरान सिकरोना नाका से गिरफ्तार किया है। जिनको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी से हिरासत में लिए करीब एक दर्जन लोग

**फतेहपुर तगा और धौज से विस्फोटक बरामद होने के बाद मंगलवार को जांच के लिए फरीदाबाद पुलिस की छह टीम अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी पहुंची। पुलिस ने वहां पर एक दर्जन के करीब लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत का समाचार है। इसमें कुछ डॉक्टर, छात्र और एक युवती शामिल हैं। इसके साथ ही फतेहपुर तगा से सर्च ऑपरेशन के दौरान फतेहपुर तगा के तबलीगी जमात से जुडे लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की सूचना है।**

बिजेन्द्र शर्मा ▸▸ फरीदाबाद





फतेहपुर तगा और धौज से विस्फोटक बरामद होने के बाद मंगलवार को जांच के लिए फरीदाबाद पुलिस की छह टीम अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी पहुंची। पुलिस ने वहां पर एक दर्जन के करीब लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत का समाचार है। इसमें कुछ डॉक्टर, छात्र और एक युवती शामिल हैं। इसके साथ ही फतेहपुर तगा से सर्च ऑपरेशन के दौरान फतेहपुर तगा के तबलीगी जमात से जुड़े लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की सूचना है।

फिर उनको पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। यूनिवर्सिटी कैंपस से पुलिस ने इन लोगों को हिरासत में लिया गया। उनमें कुछ छात्रों के फोन की जांच की गई तो कई चैट डिलीट मिले। जब पुलिस अधिकारियों से चैट डिलीट को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। मंगलवार को दिल्ली पुलिस भी यूनिवर्सिटी कैंपस में पूछताछ के लिए पहुंची थी।

### गिरफ्तारी से पहले 15 दिन की छुट्टियों पर भी गया था डॉ. मुज्जमिल, शाहीन भी

धौज की अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार होने से पहले डॉ. मुज्जमिल शकील 15 दिन की छुट्टी पर भी गया था। वह पुलवामा भी गया था। इन्हीं दिनों में डा.मुज्जमिल ने अपने कई साथियों के साथ मुलाकात की थी और इस दौरान उसने विस्फोटक जमा किया।

जांच दल में शामिल एक अधिकारी के अनुसार फतेहपुरा तगा में ही मुज्जमिल एक मकान और किराए पर लेने की तैयारी कर रहा था। इसके लिए उसने इमाम सहित अपने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की थी। छुट्टियों से वापस आने के बाद फतेहपुरा तगा में इमाम के मकान में एक रात रुका भी था। जहां से पुलिस ने 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट व राइफल सहित अन्य हथियार बरामद किएख वह धौज थाना क्षेत्र के अंतर्गत यूनिवर्सिटी रोड पर ही है। यहां नीचे एक सीमेंट का गोदाम और परिसर मालिक ने कमरे बना कर किराए पर दिए हुए हैं। इन्हीं में से एक कमरा डॉ.मुज्जमिल ने 13 सितंबर को किराए पर लिया था। मंगलवार को पंचकूला मुख्यालय से सीआइडी की एक टीम एसपी जितेश गहलावत के नेतृत्व में यहां पहुंची और छानबीन की।

### पूरी रात चला था सर्च ऑपरेशन

पुलिस आयुक्त के दिशा-निर्देशों पर क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस की टीम ने फतेहपुर तगा और धौज गांव में पूरी रात सर्च आपरेशन चलाया। इसके बाद मंगलवार को भी 800 से अधिक पुलिसकर्मियों ने फतेहपुर तगा में जाकर जांच की।

पुलिस ने कुछ घरों में खड़े वाहनों की डिग्गी चेक करने के साथ-साथ मालिकों के आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस भी चेक किया गया। एसीपी शैलेंद्र के अनुसार सर्च आपरेशन के दौरान जो भी व्यक्ति संदिग्ध लगा। उससे पुलिस ने पूछताछ की है।

### रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने किया डिजिटल जनगणना प्री-टेस्ट का निरीक्षण

# फरीदाबाद बना भारत की पहली डिजिटल जनगणना का परीक्षण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन पंजीयक जनरल एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा आगामी भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत पूर्व परीक्षण देने 2027 का कार्य 10 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक किया जा रहा है। जिसके तहत सेक्टर29 हाउसिंग बोर्ड में डिजिटल जनगणना को लेकर पूर्व परीक्षण जनगणना की ट्रेनिंग कार्यक्रम में भारत सरकार में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण हरियाणा के निदेशक ललित जैन और उपायुक्त विक्रम सिंह भी मौजूद रहे।

जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत व्यापक और राष्ट्रहित से जुड़ा कार्य है। भारत जैसे विशाल देश में लगभग 140 करोड़ लोगों की गणना करना एक ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया की सटीकता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए पूर्व परीक्षण किया जा रहा है। यह रिहर्सल हमारी प्रणालियों की कमजोरियों को पहचानने और उन्हें सुधारने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

**खास बातें**

- मोबाइल एप्लीकेशन से सीधे दर्ज होंगे आंकड़े, बढ़ेगी सटीकता
- योजनाएं कितनी प्रभावशाली ढंग से लागू



### डेटा प्रोसेसिंग में काफी समय की बचत होगी

उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आंकड़े सीधे दर्ज किए जाएंगे। इससे आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार होगा, त्रुटियां न्यूनतम होंगी और डेटा प्रोसेसिंग में काफी समय की बचत होगी। यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। पहले जहां पेपर शेड्यूल के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित की जाती थींए वहीं अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से यह प्रक्रिया और अधिक सटीक, तेज तथा पारदर्शी बनेगी। उन्होंने आगे बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन, जो अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा और दूसरा जनसंख्या गणना जो फरवरी 2027 में आयोजित की जाएगी।

### सकारात्मक फीडबैक आ रहेः डीसी

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में पूरे प्री-टेस्ट कार्य को अत्यंत व्यवस्थित और कुशलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक स्तर पर प्राप्त मार्गदर्शन और समस्याओं के त्वरित समाधान से कार्य सुचारू रूप से प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि जैसे पिछले वर्षों में फरीदाबाद जिले ने सभी लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनावों को सुचारू रूप से संपन्न कराया, उसी निष्ठा और दक्षता के साथ जनगणना का यह प्री.टेस्ट भी संचालित किया जा रहा है। अब तक प्राप्त फीडबैक अत्यंत सकारात्मक रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी सभी चरणों चाहे प्रशिक्षण, घर-घर सर्वेक्षण (हाउस लिस्टिंग) या आगे चलकर जनसंख्या गणना (एन्यूमरेशन) प्रत्येक स्तर पर सभी विभागों का पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

### दिल्ली ब्लास्ट के बाद गाजियाबाद हाई अलर्ट पर

# मेट्रो, मॉल, रेलवे स्टेशन,होटलों में चला सघन चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

दिल्ली ब्लास्ट के बाद गाजियाबाद हाई अलर्ट पर रहा। पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एसीपी ,डीसीपी समेत तमाम अधिकारी सड़क पर रहे और मेट्रो स्टेशन, मॉल, रेलवे स्टेशन,होटलों में चला सघन चेकिंग अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने खुद पुलिस बल के साथ कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन एवं पार्किंग पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

### डीसीपी ग्रामीण पुलिस फोर्स के साथ चेकिंग

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने भी भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ जगह-जगह चेकिंग की। इसके अलावा थाना फोर्स, स्वाट टीम, डॉग स्क्वॉड, एएस टीम, एलआईयू सभी के द्वारा मिलकर संयुक्त रुप से चेकिंग अभियान चलाया । सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया।

बम निरोधक दस्ते व डॉग स्कायड के साथ भी गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

### प्रियदर्शी ने पुलिस बल के साथ मॉल में चेकिंग की

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिण्डन जोन में सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात आलोक प्रियदर्शी एवं पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिण्डन जोन निमिष पाटील ने कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन, आनंद विहार बॉर्डर बस स्टैण्ड एवं शिप्रा मॉल पर बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड तथा पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की ।

### पूर्व जिलाध्यक्ष की पुण्यतिथि पर कार्यक्रमों का आयोजन

# सही मायने में कांग्रेस के स्तंभ थे बीआर ओझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद



वयोवृद्ध वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कई दशकों तक लगातार जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रहे स्व. बीआर ओझा की छठीं पुण्यतिथि आज जगह-जगह कांग्रेस व सामाजिक संस्थाओं द्वारा मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के कार्यालय सैक्टर-9 में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं प्रगतिशील किसान मंच के अध्यक्ष सतवीर डागर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर चौधरी सहित अन्य कांग्रेसियों ने ओझा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री ओझा सही मायने में कांग्रेस के स्तंभ थे। कई दशकों तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहकर उन्होंने कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का काम किया और उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर जनता की सेवा की और सभी साथ लेकर चलें। समाज में उन्होंने हमेशा भाईचारे को कायम रखा। यही नहीं वह लगातार कई दशकों तक हिन्दु-मुस्लिम भाईचारा अमन कमेटी के प्रधान रहे। उनकी अध्यक्षता में कई लोकसभा, विधानसभा के चुनाव भी पार्टी जीतती रही है। उन्हें प. जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, शंकर दयाल शर्मा, इंदिरा गांधी, चौ. दलबीर सिंह, चौ. रणबीर सिंह हुड्डा, राजीव गांधी, बंसीलाल, भजनलाल, सोनिया गांधी व भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने पहली नगर निगम बनने के बाद चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण करवाकर उनका नामकरण भी करवाया। कांग्रेसी उन्हें फरीदाबाद का भीष्म पितामह कहकर पुकारते थे। कौशिक व डागर ने कहा कि ओझा जैसे मेहनती कांग्रेस नेता की हमेशा पार्टी को कमी खलती रहेगी। उनके बताए हुए रास्तों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पूर्व आज बलदेव राज ओझा फाउण्डेशन द्वारा भी कई जगह उनके पुत्र राजन ओझा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जरूरतमंद लोगों को फल एवं खाद्य सामग्री तथा कंबल वितरित किए।

### 11 महीने से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हत्या के मामले फरार चल रहे आरोपी प्रवीन को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदर्श नगर में दिनेश निवासी हाल ऊंचा गांव ने एक शिकायत दी थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि 19 जनवरी को उसके पास एक कॉल आया और उसे बताया गया कि उसके बेटे चेतन को चोट लगी है और अस्पताल आ जाओ। जब वह अस्पताल पहुंचा तो उसने देखा की उसकी बेटे की मृत्यु हो चुकी थी। जिस शिकायत पर उसने थाना आदर्श नगर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रवीन निवासी ऊंचा गाव थाना फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। विवेक ने चाकू निकालकर उसके ऊपर वार किया पूछताछ में सामने आया कि आरोपी प्रवीन अपने साथी सागर, विवेक व शिवम के साथ बैठा था तभी मृतक चेतन भी वहां पहुंचा गया और उनकी आपस में किसी बात को लेकर बहस हो गई थी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नाम ओमकार पुत्रः** दीवान सिंह **पताः** मकान नंबर–469, गली नंबर–10 शहीद भगत सिंह कॉलोनी, करावल नगर दिल्ली ने **FIR No. 480/2015 U/s 279/337 IPC थानाः खजुरी खास, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओमकार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओमकार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 480/2015 U/s 279/337 IPC थानाः खजुरी खास, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **ओमकार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कनिका अग्रवाल
जेएमएफसी–03, कमरा संख्या 22, प्रथम तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/15130/NE/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **नंबर 1 मोहन, पुत्र शिव लाल, निवासीः आरजी–128, टंकी वाली झुग्गी, ख्याला, पश्चिमी दिल्ली और अभियुक्त नंबर 2 मीनू, पत्नी मोहन, निवासीः आरजी–128, टंकी वाली झुग्गी, ख्याला, पश्चिमी दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 447/2020 U/S 323/341/325/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना ख्याला, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **मोहन और मीनू** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोहन और मीनू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 447/2020 U/S 323/341/325/34 IPC थाना ख्याला, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **मोहन और मीनू** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 12.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री शीतल रानी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–12,
पश्चिम जिला, कमरा नम्बर 152,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

**DP/15207/WD/2025**
**(अदालती मामला)**


# धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ रोकने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

फरीदाबाद क्षेत्र में मंदिरों व धार्मिक स्थलों को तोड़ने के विरोध में युवा अनशनकारी एवं समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी ने लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम फरीदाबाद को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर महेश हिन्दु, फलाहारी बाबा, कुलजीत सिंह, मनीराम भड़ाना, अधिवक्ता अभिषेक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गोस्वामी ने ज्ञापन पत्र के मार्फत बताया कि पिछले कुछ समय से फरीदाबाद शहर में नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा हिंदू मन्दिरों एवं अन्य धर्मों के आस्था केंद्र धर्मिक स्थलों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। साथ ही सभी धर्मों की आस्था को ठेस पहुंचाने का कार्य नगर निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। शहर के चौक-चौराहे पर स्थित यह मंदिर जिसमें विशेष कर बजरंग बली के मंदिर होते हैं, वर्षों पहले इसलिए बनाए गए क्योंकि इन चौक-चौराहे पर पहले किसी प्रकार का आधुनिकरण नहीं था और न ही रोशनी हुआ करती थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | वार्ड नं. 31, एम.सी. सिरसा में ईओ कोठी के पिछली साइड के रोड के दोनों साइड पर फुटपाथ का निर्माण + 10 कार्य। | 10.11.2025<br>17.11.2025 | रु. 301.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067<br>secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40199/I/88/7 दि. 11.11.25


### पुलिस मुठभेड़ में ट्रान्सफार्मर चोरी करने वाले गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद। निवाडी पुलिस ने ग्राम खिन्दौडा से बिजली ट्रान्सफार्मर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। कॉम्बिंग के दौरान 4 अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया। उनके कब्जे से 1 एक कॉपर की तार वजन करीब 9 किलो , 1 बंडल विद्युत लाइन का एल्युमिनियम तार, चोरी करने के उपकरण व 1 बाइक 2 तंमचा 315 बोर , 3 जिंदा कारतूस 315 बोर, 1 खोखा 315 बोर बरामद हुए हैं। डीसीपी एसएन तिवारी ने बताया कि थाना निवाडी पुलिस टीम खिन्दौडा पुल पर चेकिंग कर रही थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220/132 केवी सब स्टेशन पीएचसी, करनाल में आवासीय/गैर–आवासीय भवनों के सामान्य रूटीन रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग गतिविधि, सैनीटेशन सेवाओं, एआरबी. सेवाओं और सिक्योरिटी सेवाओं का प्रावधान, 01.12.2025 से 31.03.2026 तक। | 07.11.2025<br>14.11.2025 | रु. 23,86,541/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल मऊ में एचएमआईएस / आरएमआईएस और मौजूदा एससीएडीए सिस्टम का अपग्रेडेशन। | 10.11.2025<br>05.12.2025 | रु. 32,00,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल जमाल के लिए सीमेंट कंक्रीट अप्रोच रोड (3.66 मी. चौड़ा) का निर्माण। | 10.11.2025<br>20.11.2025 | रु. 43,06,336/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्रथम अर्ध में एचवीपीएनएल द्वारा रिडंडेंसी के लिए 1×20/25 एमवीए, 132/33 केवी जमा 1×10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफएस से 2×20/25 एमवीए, 132/33 केवी जमा 1×10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफएस तक 132 केवी सब स्टेशन तोशाम का संवर्धन। | 10.11.2025<br>20.11.2025 | रु. 33,56,424/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | 220/132 केवी सब स्टेशन, करनाल में आवासीय कॉलोनी की पानी की पाइप लाइन को बदलना (सिविल कार्य)। | 10.11.2025<br>26.11.2025 | रु. 27,22,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | 220/132 केवी सब स्टेशन, एचवीपीएनएल, करनाल में बी–टाइप अधीनस्थ विश्राम गृह की मरम्मत और रखरखाव। | 10.11.2025<br>18.11.2025 | रु. 4,17,614/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/120/40219/I/88/7 दि. 11.11.25

## पेज एक का शेष....

### 65% महिलाओं ने ...

महागठबंधन को 88 से 133 सीटें और प्रशांत किशोर की जन सुराज को 0 से 1 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर पार्ट...

पकड़ा गया विस्फोटक और उसके तुरंत बाद किया गया ये हमला पाकिस्तान और उसके पाले-पोसे हुए आतंकवादी संगठनों ने भारत में सक्रिय अपने स्लीपर सेल की मदद से किया हो। लेकिन हमारी जवाबी कार्रवाई पहले जैसी नहीं हो सकती है। हां इतना जरूर है कि हमें एहतियात के तौर पर घरेलू से लेकर सीमाई इलाकों में अपनी सुरक्षा को हाई अलर्ट पर रखते हुए उसे चौबीसों घंटे चाक-चौबंद बनाना पड़ेगा।

### पैनिक अटैक से ....

ही ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले संगठनों के स्लीपर सेल एक्टिव हो चुके थे। इनकी सक्रियता के बाद ही जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और गुजरात पुलिस ने बीते दिनों में कई लोगों को गिरफ्तार किया। जिससे लगता है कि ये पैनिक अटैक हो सकता है, जिसमें गिरफ्तारियों से घबराए स्लीपर सेल के बाकी सदस्यों ने अपने नेटवर्क को बचाने के लिए इस तरह से हमला कर अपने उद्देश्य को प्राप्त करने की सोची होगी।

### एक्टिव था नापाक ....

है। वहां रह रहे आतंकवादी खुलेआम बयान दे रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कुछ करेंगे। जिससे साफ हो जाता है कि उन्हें कहीं न कहीं से हिम्मत दी जा रही है। जिसके बलबूते पर वो ऐसे बयान दे रहे हैं। हमारे द्वारा पहलगाम हमले के जवाब में की गई कार्रवाई के बाद वो हालांकि पहले से आगाह होंगे कि प्रत्यक्ष तौर पर पाकिस्तान से सीमा पार कर भेजे गए लोगों से ऐसा कोई हमला या धमाका मत कराओ। क्योंकि अगर वो पकड़े गए, पाकिस्तानी पाए गए तो भारत हमारे खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। लेकिन जब हम स्लीपर सेल यानी भारतीयों की मदद से किसी घटना को अंजाम देंगे तो घटना की जिम्मेदारी हमारी या हमारे आतंकी संगठनों नहीं बल्कि पूरी तरह से भारत की आंतरिक सुरक्षा की विफलता को ही प्रमाणित करेगी।

### सीमा पार एक्शन...

इन लोगों के पीछे भी कहीं न कहीं पाकिस्तान का ही निर्देश काम कर रहा होगा। क्योंकि गिरफ्तार की गई एक महिला के तार आतंकी मौलाना मसूद अजहर की बहन से जुड़े हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही जो भी लोग इसमें पकड़े गए हैं, वो हमारी सीमा के बाहर के नहीं बल्कि भारतीय हैं। आज की स्थिति में ऑपरेशन सिंदूर जारी है। हमने कहा था कि भविष्य में अगर कोई आतंकी हमला हुआ तो हम उसे युद्ध की कार्रवाई मानकर जवाब देंगे। लेकिन आज ऑपरेशन सिंदूर पार्ट-2 संभव नहीं है। क्योंकि सभी भारतीय हैं और हालात भी पूरी तरह से बदल गए हैं। पाकिस्तान के साथ अमेरिका, चीन, ईरान, तुर्किए और बांग्लादेश जैसे देश खड़े हो गए हैं। नेपाल पहले से अस्थिर है। ऐसे में हमें अपने घर के अंदर की सुरक्षा और उसके साथ ही सीमाओं को संभालना पड़ेगा।

### स्लीपर सेल का....

निर्देशों पर हमलों को अंजाम देते हैं। लेकिन अब तक का जो ट्रेंड हैं, उनमें सबसे ज्यादा स्लीपर सेल का इस्तेमाल आतंकी संगठन आईएस ने ही दुनियाभर में किया है। वहीं, देश के अंदर हमलों की घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए यूएपीए पर्याप्त कानून नहीं है। ऐसी घटनाओं के षडयंत्र में शामिल लोगों के खिलाफ भी सख्त कानून की मदद से आतंकवादी जैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए।

### दिल्ली विस्फोटः अमित....

ऑपरेशन को अंजाम तक पहुँचाने का आदेश अमित शाह में एनआईए के आला अधिकारियों को दिया। जो दोषी पाए जाएंगे उन्हें पाताल से भी ढूँढ निकाला जाएगा। कानून की परिधि में ऐसी सजा दी जाएगी जिससे आतंकियों की रूह भी काँप जाए। सभी संभावित कोणों पर जांच चल रही है। अमित शाह ने वरिष्ठ एजेंसियों को हर संभव संसाधन लगाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया, घटना की जांच में आतंकवाद संबंधी पहलू, मास्टरमाइंड, फाइनेंसिंग चैनल और किसी भी बाहरी-सहयोग की संभावनाओं की गहन पड़ताल की जाएगी। एनआईए की मदद के लिए एनएसजी, फॉरेंसिक यूनिट भी जांच में शामिल की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्थिति से अवगत कराया गया है। राजधानी के प्रमुख सुरक्षा स्थलों पर सतर्कता बढ़ा दी गयी है। सूत्रों ने बताया कि विस्फोटस्थल से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और यातायात संकेतों के रिकॉर्ड हासिल किये जा रहे हैं; फॉरेंसिक टीम व ब्लास्ट विश्लेषक ब्लास्ट के प्रकार और विस्फोटक की प्रकृति का परीक्षण कर रहे हैं। कई राज्यों में छापे तथा संदिग्धों की तलाशी चल रही है पर आधिकारिक रूप से अभी किसी को नामजद नहीं किया गया है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियाँ सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने के साथ-साथ भीड़-भाड़ वाले इलाकों की तत्काल सुरक्षा समीक्षा कर रही हैं। रेल व मेट्रो के प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।

### भारत-अमेरिका के ...

होगा। जो पहले वाले से अलग होगा। यह जानकारी अमेरिका राष्ट्रपति ने बीते सोमवार देर रात भारत में अमेरिका के अगले राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच होने वाला यह समझौता एक साफ-सुथरा समझौता होगा। जिसे लेकर बातचीत करीब-करीब पूरी हो चुकी है। इससे दोनों देशों को बराबरी का फायदा मिलेगा यानी यह दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद रहेगा। ट्रंप ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अच्छे संबंधों का भी उल्लेख किया। गौरतलब है कि दो सप्ताह से भी कम समय में ये दूसरी बार है। जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के साथ जल्द प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने को लेकर उम्मीद जताई है। जिसमें उन्होंने ये भी कहा कि हम भारत के साथ एक समझौता करने जा रहे हैं। जो कि पहले से काफी अलग होगा। अभी वर्तमान में वो मुझे पसंद नहीं करते लेकिन वो दोबारा ऐसा करेंगे।

**भारत से संबंधों को मजबूत बनाएंगे गोरः** डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताते हुए कहा कि सर्जियो गोर भारत के साथ संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश होने के साथ ही दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक का घर भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हमारे शानदार संबंध हैं। जिन्हें गोर ने और अधिक बेहतर बनाया है। क्योंकि पहले से ही पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंध स्थापित कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत को एक तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था वाला देश बताते हुए कहा कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार भी है।

### जेडी वेंस ने ...

मार्को रुबियो और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट भी मौजूद थे। सर्जियो गोर ने भारत का राजदूत बनाए जाने पर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करूंगा। यहां बता दें कि 38 वर्षीय सर्जियो गोर इस अहम पद पर नियुक्त होने वाले अमेरिका के अब तक के सबसे युवा राजदूत हैं। उन्हें ट्रंप के सहयोगियों में से एक माना जाता है।

### मनोहर लाल ने ...

नेत्रा के अपने दौरे के दौरान इस प्रणाली का उद्घाटन किया। इस मौके पर सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल, अपर सचिव पीयूष सिंह, एनटीपीसी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह और विद्युत मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी एक समकालीन तकनीक है, जो पारंपरिक लीथियम आयन-आधारित बैटरियों के विकल्पों में से एक के तौर पर उभरने की क्षमता रखती है। इस एडवांस बैटरी प्रणाली के विकास से बैटरी प्रणालियों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले तत्वों का भंडार बढ़ेगा।

उन्होंने ऊर्जा परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए समाधान को विकसित करने के लिए नेत्रा टीम की प्रशंसा की। उन्होंने इस विषय पर जोर दिया कि नवाचार और प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताएं संपोषित विकास और ऊर्जा परिवर्तन के नए मानक स्थापित कर रही हैं। मनोहर लाल को कार्बन कैप्चर, ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और कचरे से ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में एनटीपीसी के अग्रणी अनुसंधान एवं विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### छत्तीसगढ़ः मुठभेड़ में...

जाना जाता रहा है, और सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई उस इलाके में नक्सल प्रभाव को कम करने के प्रयासों का हिस्सा बताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ के बाद इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं और ऑपरेशन अभी जारी है। वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं।

### प्रदूषण चरम परः भूपेंद्र....

लिया। यादव ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए ज़िलावार योजना तैयार करने और पराली जलाने के मामलों की वर्ष भर निगरानी करने का अनुरोध किया। उन्होंने ज़िलाधिकारियों से फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनों को चलाने के लिए किसानों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनकी व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने को भी कहा।

इसके अतिरिक्त यादव ने यह सुनिश्चित करने और निरंतर निगरानी बनाए रखने पर बल दिया कि नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) को खुले में जलाने के मामले बिल्कुल बर्दाश्त न किये जाएं। उन्होंने एनसीआर शहरों के नगरपालिका अधिकारियों से पुराने अपशिष्ट के प्रबंधन में खामियों को दूर करने और तेजी से इसके निपटान को सुनिश्चित करने के लिए सख्त समय-सीमा तैयार करने का अनुरोध किया।

उन्होंने अधिकारियों को अलग-थलग न रहकर एमएसडब्ल्यू प्रबंधन के सर्वोत्तम तौर-तरीकों को आपस में साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में अत्यधिक प्रदूषण के लिए जिम्मेदार लाल श्रेणी के उद्योगों में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) और वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों (एपीसीडी) की स्थापना को मिशन मोड में शुरू किया जाना चाहिए।

उन्होंने विभिन्न अधिकारियों को सड़कों के किनारे हरियाली बढ़ाने से संबंधित कार्यों को मिशन मोड पर पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया ताकि कम से कम धूल उत्पन्न हो।

उन्होंने सुझाव दिया कि एनसीआर के विभिन्न नगर निगम संबंधित वन विभागों के साथ तालमेल बिठा करके नर्सरी में पौधे उगाना शुरू करें जिन्हें बाद में बंजर वन भूमि पर बड़े पैमाने पर लगाया जा सकता है ताकि क्षेत्र में हरित आवरण को बढ़ावा दिया जा सके।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अरदास कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# श्री गुरु तेग बहादुर जी संपूर्ण विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक

**गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, अंबाला का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने की घोषणा भी की**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के पावन अवसर पर मंगलवार को दूसरी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा का शुभारंभ हरियाणा के पंचकूला जिले के पिंजौर स्थित पावन भूमि से हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार, गांव गोरखनाथ में अरदास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, अंबाला का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी केवल सिख समुदाय या भारत के ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक हैं। उन्होंने धर्म और देश की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिंजौर से आरंभ की गई यह दूसरी नगर कीर्तन यात्रा, गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का व्यापक अभियान है।



चंडीगढ़। पंचकूला के गांव गोरखनाथ में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नगर कीर्तन के दौरान पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप को ले जाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### प्रधानमंत्री होंगे श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी वर्ष पर महासमागम के मुख्य अतिथि

मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं जो हरियाणा के सभी जिलों से गुजरेंगी। इन यात्राओं का समापन 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। अगले दिन, 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी वर्ष पर कुरुक्षेत्र में महासमागम का आयोजन होगा।

### नशे से दूर रहकर युवा राष्ट्र निर्माण में बनता है भागीदार

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल ही वह शक्ति है जो युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देती है। जब युवा मैदान में दौड़ता है, तो वह नशे से दूर रहते हुए, अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को अंबाला के बड़ागढ में हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप -2025 के उदघाटन अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित कर रहे थे।

### जू में दहाड़ेगा बब्बर शेर

**पटना।** पटना जू में जल्द ही राजगीर जू सफारी के भव्य बब्बर शेर का दीदार कर सकेंगे जिसकी दहाड़ जल्द ही पटना जू में गूंजेगी। दर्शकों को यूएस में पाए जाने वाले जगुआर को भी देखने का अवसर मिलेगा।








# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

## लाइफ Style



# नोरा
## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियदर्शन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

## टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गई- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चौकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।


इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज हुआ नाम...

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।




### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

***नई दिल्ली।*** *अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। हीरो की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।


जो कहा
वह किया
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
लाड़ली बहनों को
अब से प्रतिमाह
₹1500
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय
मध्यप्रदेश
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
मध्यप्रदेश की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं
अब बढ़ी हुई राशि बहनों के स्वावलंबन की नई राह खोलेगी।
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को
₹1857 करोड़ का अंतरण
₹560 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
12 नवम्बर 2025
दोपहर 12:00 बजे । सिवनी, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11137/25

## चिंतन

# आतंकी किसी भी तरह से दहशत फैलाने पर आमादा

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, साफ होता जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है और इसके तार कश्मीर घाटी से जुड़े हुए हैं। कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी होने के कारण आतंकी वहां कोई हरकत करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे तो इन्होंने उत्तर भारत में दहशतगर्दी को अंजाम की साजिश रची। हालांकि हमारे सुरक्षा सुरक्षा बलों ने फरीदाबाद, सहारनपुर में छापे मारकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर लिया था और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के करीब थे तभी आतंकी आकाओं ने दिल्ली में धमाके को अंजाम दे दिया। जांच में पता चला है कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद से तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। माना जा रहा है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। आतंकी हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से भारत की शांति को भंग किया जाए। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं और ये धमाके फरीदाबाद मॉड्यूल का ही कारनामा है। इसमें कई डॉक्टरों के शामिल होने की वजह से इसे 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' भी कहा जा रहा है। अब ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि मॉड्यूल का असली मास्टरमाइंड मौलवी इरफान अहमद है, जो कि जम्मू और कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इस आतंकी मॉड्यूल में जितने भी डॉक्टर शामिल हैं, उन सबको मौलवी इरफान ने ही कट्टरपंथी बनाया है। वह श्रीनगर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल था और सभी स्टूडेंट्स से लगातार संपर्क में था। वह नौगाम मस्जिद का इमाम भी था। कहा जा रहा है कि वह जैश-ए-मोहम्मद से प्रेरित है और छात्रों को उसके वीडियो दिखाता रहता था। वह अफगानिस्तान में किसी से वीओआईपी पर बातें भी करता था।' जानकारी के उसका काम यह सुनिश्चित करना था कि छात्र कट्टर बनें और डॉक्टर मुजम्मिल शकील और डॉक्टर मोहम्मद उमर, इरफान के इसी काम को आगे बढ़ाने में लगे हुए थे। जिसे अब फरीदाबाद मॉड्यूल कहा जा रहा है, उसकी जांच 27 अक्टूबर को श्रीनगर के नौगाम में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर सामने आने के साथ शुरू हुई थी। इस मामले में पहले तीन ग्राउंड वर्कर धरे गए थे, जो एक जमाने में श्रीनगर में पत्थरबाजी का काम करते थे। उन्होंने ही पुलिस को मौलवी इरफान अहमद तक पहुंचाया। मौलवी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने डॉ. अदील अहमद राथर और जमीर अहनगर को गिरफ्तार किया। हालांकि अभी जांच एजेंसियों ने कोई खुलासा नहीं किया है। वे हर कड़ी को जोड़ने के काम में लगी हैं। इतना तो साफ है कि दहशतगर्दों का इरादा भारत में अशांति फैलाने का है। हम सबसे इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सुरक्षा बल तो अपना काम कर रहे हैं। देश का हर नागरिक अगर सतर्क होगा तो आतंकी मनसूबे कामयाब नहीं हो पाएंगे।

# दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश



वारदात

डॉ. रमेश ठाकुर

> दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी? सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है।

ब्लास्ट होने के महज कुछ घंटों पहले दिल्ली से सटे 47 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में संदिग्धों के घरों से हथियारों का भारी मात्रा में जखीरा मिलना और सैकड़ों किलो आरडीएक्स की बरामदगी घटना से संबंध जुड़ने की ओर इशारा करती है? बेशक घटना को अभी आतंकी या फिदायीन हरकत करार न दी गई हो? पर, हमले का मॉड्यूल बहुत कुछ कहता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए और एनएसजी फिलहाल हर एंगल से कड़ियों को जोड़ने में लगी है। खुदा-ना-खास्ता अगर ये आतंकियों की हरकतें निकली, तो समझ लेना चाहिए कि अब उन्होंने अपने मंसूबों को अंजाम देने वाले तरीकों में बदलाव कर लिया है। दिन में आतंकी नेटवर्क का पकड़ा जाना और देर शाम को धमाका हो जाने की थ्योरी पर सभी अचंभित हैं। दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी?

घटना के समय चारों तरफ भगदड़ मचना, चीख-पुकार का तेज शोर व विस्फोटक चिंगारियों से मेट्रो स्टेशन के शीशों का चटाचट टूटना और ब्लास्ट वाली कार का एक गेट करीब 90 मीटर दूर जाकर गिरने के मंजर को देखकर प्रत्यक्षदर्शी, राहगीर और दुकानदार सहम से गए। लोग दुकानों में छिप गए, गाड़ियों की आड़ लेकर बैठ गए। ब्लास्ट वाली जगह पर चौबीसों घंटे लोगों की चहल-पहल रहती है। एशिया का सबसे बड़ा बाजार भी वहीं है, इसलिए उसे व्यस्तम इलाकों में गिना जाता है। लालकिले के बाहरी हिस्से में लाखों लोगों की प्रतिदिन आवाजाही रहती है। गनीमत ये रही कि सोमवार का दिन था, अमूमन दुकानें बंद रहती हैं। वरना, इस भयभीत मंजर में भगदड़ मचने से और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसे अचानक से धरती फट गई हो और आसमान पूरा लाल हो गया हो? लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर किसी का हाथ पड़ा था तो किसी की कटी हुई गर्दन? जलते मांस के टुकड़ों से आती गंध ने और ज्यादा मंजर डरावना कर दिया। कुछ मिनट तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है? दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है।

बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इनपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियों का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा। मौजूदा



घटना के तह तक जाने की जरूरत है। देशवासियों को इसलिए बताना चाहिए, ताकि नागरिक खुद से भी सतर्क हो सकें। ऐसी घटनाओं पर समय रहते अगर प्रतिबंध नहीं हुआ, तो आतंकियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। घटना में हरियाणा की एचआर-26, 7624 नंबर की आई-20 जो कार प्रयुक्त हुई है उसकी पहचान जांच एजेंसियों ने कर ली है। कार का मालिक फरीदाबाद निवासी कोई मोहम्मद सलमान नाम का है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। कुछ महीने पहले उसने उस कार को सेकंड हैंड किसी से खरीदी थी।

निश्चित रूप कार के जरिए बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। कार का इसी साल सितंबर में गलत पार्किंग को लेकर फरीदाबाद में चालान भी कटा था। घटना के वक्त कार में तीन लोगों के होने की आशंका जताई गई, जो थे उनके चिथड़े उड़ चुके हैं। कार में वांछित डॉ. उमर मोहम्मद के होने की भी आशंका है, वहीं उमर जिसके घर से घटना के कुछ घंटों पहले हथियारों का जखीरा और आरडीएक्स बरामद हुआ था। कार से बरामद शव उस हालत में नहीं हैं जिनकी शिनाख्त की जाए, डीएनए जांच से ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हुए हैं। जैसे, कि ब्लास्ट होने की भनक भारतीय खुफिया एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? घटना केंद्र सरकार और स्थानीय सरकार के बिल्कुल नाक के नीचे घटी। पुलिस को ब्लास्ट की सूचना 6 बजकर 52 मिनट पर मिली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के बा-मुश्किल 20-25 मीटर दूरी पर लाल बत्ती पर एक स्लो मोशन कार आती है और ब्लास्ट हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है। आईबी के पास सूचनाएं हैं कि ऐसी घटनाएं कुछ राज्यों में भी घट सकती हैं। इसलिए एहतियातन केंद्र सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में अलर्ट जारी किया है। 2025 हादसों के लिए जाना जाएगा। कोई ऐसा महीना नहीं बीता, जब देश में कोई बड़ी घटना न घटी हो? कहीं भगदड़, तो कहीं कुदरती आपदाएं। झकझोर देने वाला पहलगाम हमला भी शामिल है। फिलहाल, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद गृहमंत्रालय में आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें एनएसए चीफ अजीत डोभाल के अलावा सुरक्षातंत्र से जुड़े आलाधिकारी शामिल हुए। बैठकों का दौर जारी है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर गृह मंत्रालय में बैठक में सभी अधिकारियों को गृहमंत्री ने दिए निर्देश कि इस घटना में शामिल कोई दोषी नहीं बचना चाहिए।

सवाल उठता है कि सांप निकल जाने के बाद डंडा फटकारने का क्या तुक? घटना में 11 लोगों के मरने और 24 के घायल होने के आंकड़ों को प्रशासन ने जारी किया है। आंकड़े बढ़ सकते हैं। कब तक बेकसूर लोग अपनी जानें ब्लास्ट जैसी घटनाओं में देते रहेंगे? अमन-शांति के हुकूमती नारे धरातल पर कब उतरेंगे, कौनसी घड़ी आएगी जब ये सब होगा? ऐसे सवाल प्रत्येक भारतीयों के मन में उठने लगे हैं। फिलहाल, दिल्ली पुलिस सहारनपुर, फरीदाबाद और गुजरात के कनेक्शन की भी जांच कर रही है। बताया गया है कि दिल्ली ब्लास्ट में साजिश के मास्टरमाइंड डॉक्टर उमर की मौत हो गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने डॉक्टर उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा कि हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चुनाव प्रक्रिया

सोनम लववंशी




# अंगुली की स्याही और लोकतंत्र की चेतना!

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहां अंतिम निर्णय जनता करती है। सरकारें बनती हैं, गिरती हैं, और समय के साथ बदल भी जाती हैं, लेकिन मतदाता का निर्णय ही अंततः सर्वोपरि माना जाता है। इसलिए जब चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग या ईवीएम पर संदेह प्रकट किया जाता है, तो यह संदेह वस्तुतः जनता के विवेक और उसके निर्णय पर उठाया गया प्रश्न होता है। बीते एक दशक के राजनीतिक विमर्श में यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी है कि राजनीतिक पराजय का कारण आत्ममंथन से नहीं, बल्कि मशीनों और व्यवस्थाओं में खोजा जाने लगा है। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र की संस्कृति को क्षीण करती है, क्योंकि वह जनता को निर्णयकर्ता नहीं, किसी अदृश्य षड्यंत्र की शिकार भीड़ के रूप में प्रस्तुत करती है। राहुल गांधी की हालिया राजनीतिक रणनीति इसी दिशा में आगे बढ़ती दिखाई देती है। वे समाज में 90 फीसदी बनाम 10 फीसदी की रेखा खींचते हैं, और यह रेखा केवल सांख्यिकीय नहीं भावनात्मक विभाजन की है। उनका यह कहना कि भारत की 90 फीसदी आबादी ओबीसी, एससी-एसटी है और सत्ता केवल कुछ 'सवर्ण वर्ग' के पास है, सुनने में आकर्षक नारा तो हो सकता है, लेकिन यह सामाजिक संरचना की जटिलताओं को जानबूझकर सरलीकृत करता है। यह आंकड़ों और इतिहास की अनदेखी करके वर्गीय द्वेष को वैचारिक रूप देने का प्रयास है और यही इसकी खतरनाक प्रकृति है। दरअसल सत्ता का संघर्ष लोकतंत्र में स्वाभाविक है, पर जब संघर्ष को जाति-विभाजन के ईंधन से चलाया जाए, तो वह राजनीति नहीं, विस्फोटक वातावरण पैदा करने की रणनीति बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर माइक्रोफ़ोन पर 'नकली ओबीसी' जैसी टिप्पणी केवल एक व्यक्ति पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं है, यह उस समुदाय के सामाजिक आत्मसम्मान को भी हल्का दिखाने की चेष्टा है, जो वर्षों से अपनी पहचान और अधिकार की गरिमा स्थापित करने में लगा है। एक राजनीतिक विचारधारा और नेतृत्व की आलोचना की जा सकती है, की जानी भी चाहिए, परंतु समुदायों को परस्पर संदेह और प्रतिस्पर्धा में खड़ा करने वाले वाक्य लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करते हैं और यही रणनीति संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाने में भी दिखाई देती है। ईवीएम को 'भाजपा की मशीन' कहना, न्यायपालिका को दबाव में बताना और सेना को सरकार की कठपुतली कहना ये बयान राजनीतिक तर्क नहीं, ये संदेह को सामान्य बनाने का प्रयास हैं। हाल ही में राहुल गांधी द्वारा 'जेन-जी' को संबोधित कर यह कहना कि "तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है"। महज भावनात्मक अपील नहीं है। यह बयान ठीक उस समय आया, जब नेपाल और बांग्लादेश में युवाओं के नेतृत्व में व्यापक अस्थिरता पैदा हुई थी। यह समानता संयोग नहीं, रणनीति की निरंतरता को संकेत करती है। युवा ऊर्जा को विरोध में मोड़कर सत्ता परिवर्तन को भावनात्मक धर्मयुद्ध के रूप में पेश करना। राजनीति का यह तरीका अनुभव की कमी वाले युवाओं को शीघ्र ही यह विश्वास दिला देता है कि उनके सभी संकट किसी व्यवस्था की ओर से थोपे गए हैं और उनका समाधान टकराव में है। यह लोकतांत्रिक संवाद का मार्ग नहीं, अव्यवस्था के बीज बोने का मार्ग है। ऐसे में जहां तक चुनाव परिणामों पर उठाए जा रहे प्रश्नों का सवाल है, वहां राहुल गांधी की तर्कपद्धति चयनात्मक दिखाई देती है। वे कहते हैं कि हरियाणा में कांग्रेस 22,779 वोटों के कुल अंतर से आठ सीटों पर हार गई। पर वे यह नहीं बताते कि उन्हीं कम मार्जिन वाली सीटों में कांग्रेस अधिक सीटें जीत भी गई। तब न चुनाव आयोग पर संदेह हुआ, न ईवीएम पर। क्योंकि तब विजय थी, और विजय को हमेशा 'जनता का निर्णय' कहा जाता है। पराजय के समय यही निर्णय "भ्रम" या 'साज़िश' कह देना राजनीतिक परिपक्वता नहीं, आत्म-चिंतन से बचने का तरीका है। कुल-मिलाकर देखें तो सच यही है कि लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात में है कि हारने वाला पक्ष भी कह सके कि, 'जनता ने यह निर्णय दिया है, हमें इससे सीखना होगा।' लोकतंत्र की कमजोरी वहीं से शुरू होती है जहां कोई यह कहने लगे, "निर्णय गलत था, जनता भ्रमित थी।" यह मानसिकता जनता को सम्मान नहीं, बल्कि संदेह की दृष्टि से देखती है। अंततः, आज भारत में संकट न तो चुनाव आयोग में है, न ईवीएम में, न चुनावी प्रक्रिया में। संकट एक सोच में है जनादेश को स्वीकार न करने की सोच में। यह लोकतंत्र के उस मूल स्तंभ को चुनौती देता है जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी है और वह है, जनता की अंतिम निर्णायकता। लोकतंत्र मशीनें नहीं, जनता के विश्वास पर चलता है और राहुल गांधी सरीखे नेता को यह मानना होगा।

*( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?




संकलित

**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वहीं बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कम करना होगा प्लास्टिक का उपयोग

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे का जिक्र किया। वर्ष 2019 में खोला गया यह देश का पहला गार्बेज कैफे था। अंबिकापुर नगर निगम ने प्लास्टिक वेस्ट के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से यह अनोखी पहल की थी। इस कैफे की खासियत यह है कि यहां प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट खाना और नाश्ता मिलता है। एक किलो प्लास्टिक देने पर पूरा खाना और आधा किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता दिया जाता है। अंबिकापुर ने गार्बेज कैफे जैसे नवाचार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में एक मिसाल कायम की है। इस पहल से शहर में प्लास्टिक वेस्ट की मात्रा वर्ष दर वर्ष घटती जा रही है। एक बार फिर प्लास्टिक कचरा बातचीत का केंद्र बन गया है।

*– अमित पटेल, सरगुजा*

## ट्रेंड

### दिल्ली हादसे से मन व्यथित



दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित किया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारी जांच एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आधुनिक तकनीक



रक्षा क्षमता विकास के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग केवल हमारे शस्त्रागार को उन्नत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे संपूर्ण दृष्टिकोण को बदलने के बारे में है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### हमारे लिए राष्ट्र प्रथम



कुछ लोग हैं, रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें...जो 'वंदे मातरम' का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। हम जिएंगे तो देश के लिए, मरेंगे तो देश के लिए और कुछ भी योगदान देंगे तो राष्ट्र प्रथम होगा।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली हादसा दुर्भाग्यपूर्ण



दिल्ली में ब्लास्ट एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे तत्व, जो लोगों के दिमाग में जहर घोलकर उन्हें इस तरह की हरकतें करने के लिए उकसाते हैं, उन्हें अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

# सीनेट ने 'शटडाउन' समाप्त करने विधेयक को दी मंजूरी



अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने सरकारी 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) समाप्त करने के लिए सोमवार को विधेयक पारित कर दिया और इसी के साथ इतिहास का सबसे लंबा 'शटडाउन' खत्म होने के करीब पहुंच गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक छोटे समूह ने अपनी पार्टी के भीतर तीखी आलोचना के बावजूद रिपब्लिकन के साथ एक समझौते की पुष्टि की जिसकी मदद से यह विधेयक पारित हुआ। पिछले 41 दिन से जारी शटडाउन कुछ और दिन जारी रह सकता है क्योंकि संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा के सदस्य सितंबर के मध्य से अवकाश पर हैं। वे विधेयक पर मतदान करने के लिए वाशिंगटन लौटेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विधेयक के प्रति समर्थन का संकेत देते हुए सोमवार को कहा, 'हम जल्द ही शटडाउन समाप्त करेंगे।' दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक समूह ने स्वास्थ्य देखभाल सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की जिससे उनके 'कॉकस' के कई सदस्य नाराज हो गए। इस 'कॉकस' का कहना है कि अमेरिकी लोग चाहते हैं कि सब्सिडी को लेकर लड़ाई जारी रखी जाए।

## ऑफ बीट

# वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी- बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है-भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## दूसरे चरण के मतदान का समापन, सभी ने अपनी अपनी जीत का किया दावा

# 12 मंत्रियों के साथ सभी उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में हो गया लॉक, अब 14 को तय होगा किसका 'लक' और कौन 'बैडलक'

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के दूसरे चरण में 12 मंत्रियों का भाग्य मंगलवार को ईवीएम में बंद हो गया। बेतिया से भाजपा की रेणु देवी बिहार में उप मुख्यमंत्री बनने के बाद चर्चा में आई थीं। मंत्री रेणु का मुकाबला इस बार वसी अहमद को उतारा है।

झंझारपुर से भाजपा के नीतीश मिश्रा का मुकाबला सीपीआई के राम नारायण यादव से है। फुलपरास से जदयू की शीला कुमारी मंडल का कांग्रेस के सुबोध मंडल से है। सुपौल से जदयू के बिजेंद्र प्रसाद यादव का कांग्रेस ने फिर से मिनतुल्लाह रहमानी से मुकाबला है। छातापुर से भाजपा के नीरज कुमार सिंह बबलू के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने डॉ. विपिन सिंह हैं। धमदाहा से जदयू की लेशी सिंह का सामना उनकी ही पार्टी के सांसद रहे संतोष कुशवाहा से हो रहा है।

■ लेशी का मुकाबला पार्टी के पूर्व सांसद से


मंत्री रेणु देवी


सुमित कुमार


प्रेम कुमार


जयंत राज

### गयाजी में भी कड़ा मुकाबला

गया टाउन से भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव उतरे हैं। चकाई से जदयू के सुमित कुमार सिंह प्रत्याशी हैं।इस बार सावित्री देवी महागठबंधन से राजद प्रत्याशी हैं। वीआईपी का साथ है। सिकटी से भाजपा के विजय कुमार मंडल के सामने इस बार विकासशील इंसान पार्टी के हरिनारायण प्रामाणिक हैं। अमरपुर से जदयू के जयंत राज का मुकाबला कांग्रेस के जितेंद्र सिंह से है। चैनपुर से जदयू के मो. जमा खान राजद के बृज किशोर बिंद से लड़ रहे हैं।

**नीतीश पहुंचे दफ्तर**

### सभी से मिले, मंत्री ने कहा नीतीश ही बनेंगे मुख्यमंत्री


पार्टी के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

*रिकॉर्ड मतदान के बीच राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अचानक जदयू प्रदेश कार्यालय का दौरा किया । दोपहर के समय जब वोटिंग अपने चरम पर थी, नीतीशअपने सहयोगी मंत्री विजय चौधरी के साथ पटना स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। यहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, चुनावी स्थिति का जायजा लिया और उनके समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। जदयू ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, हर कदम विश्वास का, हर कदम विकास का। मंत्री विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा, जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, शपथ लेने से कोई किसी को नहीं रोक सकता, लेकिन बिहार के राज्यपाल नीतीश कुमार को ही शपथ दिलाएंगे। वे ही अगले मुख्यमंत्री बनेंगे।*

### पहले बनीं मां फिर किया वोट

*मतदान को लेकर जागरूकता की मिसाल पेश करने वाला चित्र सामने आया है। बताया गया कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के कुरी सराय गांव के रहने वाले सुनील मांझी की 25 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी बीती रात ही बेलागंज के सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन लोकतांत्रिक अधिकार निभाने के जज़्बे के साथ वह सुबह एंबुलेंस से अपने नवजात शिशु को लेकर मतदान केंद्र पहुंची और मतदान किया।*

**तेजस्वी बोले**

### बिहार अब बदलाव चाह रहा, कमाल कर दिया

राजद के तेजस्वी यादव ने वोटिंग के बीच एक भावुक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले से रिकॉर्ड वोटिंग की खबरें आ रही हैं, जहां बुजुर्ग, पहली बार वोट डालने वाले युवा, महिलाएं, किसान और व्यापारी जागरूकता के साथ मतदान कर रहे हैं। तेजस्वी ने ट्वीट कर लिखा, मन गदगद है, मेरे बिहार ने कमाल कर दिखाया है। हर जाति, हर वर्ग ने लोकतंत्र के इस महोत्सव को ऐतिहासिक बना दिया है। अब ये कदम रुकने नहीं चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की, आपकी अंगुली की नीली स्याही ही आपके भविष्य को स्वर्णिम बनाएगी। तेजस्वी ने कहा, बीस साल में युवाओं को रोजगार नहीं मिला, किसान को राहत नहीं मिली, व्यापारी घाटे से उबर नहीं पाया और आम आदमी महंगाई के बोझ से दबा रहा। अब बिहार बदलाव चाहता है, विकास चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारी हर नीति लोकनीति है, हर कदम लोकहित में है। असली आजादी तभी मिलेगी जब बिहार भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, घूसखोरी और असमानता से मुक्त होगा।तेजस्वी ने नारा दिया, अब बिहार को रिजल्ट, रिस्पेक्ट और राइज चाहिए।



**इन्होंने वोट डाले**


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल



कांग्रेस प्रमुख राजेश राम


जेजेपी प्रमुख प्रशांत किशोर


बिहार में मतदान के लिए लगी भीड़

### महिलाओं ने तय कर दिया, नीतीश फिर आएंगे



*अंतिम चरण के मतदान के दौरान एनडीए नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सासाराम से जेडीयू नेता उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं की लंबी कतारें एनडीए की जीत का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारी सरकार से प्रसन्न हैं। आरजेडी शासनकाल में शाम के बाद महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थीं, लेकिन आज वे खुले माहौल में स्वतंत्र रूप से मतदान करने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एनडीए के पक्ष में वोटिंग का संकेत है। दो-तिहाई वोट एनडीए के पक्ष में जा रहे हैं।*

### झा ने दिया एनडीए की बड़ी जीत का संकेत



*जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि इस बार मतदान का प्रतिशत पहले चरण से भी ज्यादा रहने की संभावना है। लोगों के उत्साह और झुकाव को देखकर साफ है कि जनता शांति, सुशासन और विकास के लिए वोट कर रही है। जनता को भरोसा है कि डबल इंजन की सरकार ही बिहार को आगे ले जा सकती है।*

### 160 सीटों पर एनडीए की जीत तय



गया के महकार में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मतदान के बाद कहा कि महागठबंधन की सरकार की संभावना दूर-दूर तक नहीं है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर बयान देते हुए कहा कि वह ख्याली पुलाव बना रहे हैं और हर चीज में कमाई की तलाश कर रहे हैं। मांझी ने विश्वास जताया कि 14 नवंबर को एनडीए को कम से कम 160 सीटों पर एनडी की जीत तय है।

### मतदाताओं को रोका जा रहा



निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया में प्रशासन पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने और लाठीचार्ज करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे चुनावी माहौल में तनाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा है कि पोलिंग बूथ नंबर 49 और 45 पर मतदाताओं को वोट डालने के लिए अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है, और उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### टूटने लगी कांग्रेस अहमद का इस्तीफा



**पटना।** बिहार में मतदान खत्म होते ही कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रहे शकील अहमद ने इस्तीफा दे दिया है। मुजफ्फरपुर के निवासी शकील राज्य और केंद्र की राजनीति में एक्टिव रहे हैं।शकील ने कहा नेताओं से मतभेद के चलते मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है।

### हरियाणा के वकील की गिरफ्तारी, सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने वकील विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 3जजों की पीठ बुधवार को सुनवाई करेगी। उन्होंने हत्या के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। वे इस मामले में एक सह-अभियुक्त का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

### पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ 3 साल बाद जेल से रिहा



**कोलकाता।** कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी और पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को मंगलवार को ज़मानत पर रिहा कर दिया गया। चटर्जी 23 जुलाई, 2022 से न्यायिक हिरासत में थे। पार्थ को अस्वस्थता के कारण कोलकाता के मुकुंदपुर आरएन टैगोर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मोची का निधन, राहुल करा रहे थे इलाज



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में मंगलवार को रामचेत मोची का कैंसर और टीबी की गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया। पिछले वर्ष कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने उनकी माली हालत देखते हुए न सिर्फ उनकी मदद की थी, बल्कि गंभीर बीमारी की जानकारी होते ही उनका इलाज भी करवाया था।

## कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और सीएक्यूएम का कदम

# दिल्ली में ग्रेप-3 हो गया लागू, पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के चलाने पर लगा प्रतिबंध

*अब बीएस-3, पेट्रोल और बीएस-4, पुरानी गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ( सीएक्यूएम), वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप के तीसरे चरण (स्टेज-3) को लागू कर दिया है। इस फैसले के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4) डीजल गाड़ियां सड़कों पर नहीं चल सकेंगी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से ऊपर पहुंच गया है, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। ग्रेप-3 लागू होने के बाद अब बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों का संचालन दिल्ली और आसपास के जिलों में प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह नियम आपातकालीन सेवाओं और विकलांग व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर 20,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बीएस-4 डीजल इंजन वाले मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों की भी दिल्ली में एंट्री नहीं होगी।

### क्यों लागू किए गए ये सख्त कदम?


यातायात की जांच करते दिल्ली पुलिस के कर्मी व अधिकारी

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीबीसीबी के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई सोमवार को 362 से बढ़कर मंगलवार को 421 हो गया। शहर के कई इलाकों जैसे बवाना (462), आर.के. पुरम (446) और पटपड़गंज (438) में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई। कम हवा की गति और मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण बढ़ा है। ग्रेप-3 लागू करने का उद्देश्य हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकना है।

### ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट पर असर

- अब दिल्ली-एनसीआर की आवाजाही और परिवहन प्रणाली पर सीधा असर पड़ेगा।
- पुराने वाहन चलाने वाले लोगों को अब दफ्तर या रोजाना के सफर में मुश्किल होगी।
- डीजल मालवाहक वाहनों पर रोक से सप्लाई चेन और डिलीवरी सर्विसेज पर असर पड़ सकता है।
- अब ज्यादा लोग मेट्रो, ई-बस या कैब सर्विसेज पर निर्भर होंगे, जिससे भीड़ बढ़ने की संभावना है।

## बढ़ते प्रदूषण के बीच स्कूलों के लिए बड़ा फैसला

### हाइब्रिड मोड में चलेंगी 5वीं तक की क्लास

दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के कारण शिक्षा निदेशलय ने छोटे बच्चों के लिए बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने नया सर्कुलर जारी करते हुए ऐलान किया है कि अबसे लेकर अगले आदेश तक पांचवीं क्लास तक के बच्चों के क्लास हाइब्रिड मोड में चलेंगे। क्लास 5 तक के बच्चों की पढ़ाई अब हाइब्रिड मोड यानी 'ऑनलाइन + ऑफलाइन' माध्य से कराई जाएगी। हफ्ते के कुछ दिन बच्चों को स्कूल आना होगा और कुछ दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी बच्चे इकट्ठा होंगे। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### जयराम ने की आदेश की आलोचना सालभर प्रदूषण नियंत्रण की मांग

दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्र सरकार की ग्रेप -3 की गाइडलाइंस लागू कर दी गई हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की इस योजना पर अति-निर्भरता को लेकर चिंता जताई और सालभर ठोस उत्सर्जन नियंत्रण कार्रवाई की जरूरत बताई। रमेश ने कहा कि दिल्ली में हर साल सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण के हालात बिगड़ते हैं, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया केवल आपातकालीन कदमों तक सीमित रह गई है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा दिल्ली में ग्रेप -3 लागू किया गया है। 2014 से 2017 के बीच सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण संकट को देखते हुए इस योजना को मंजूरी दी थी। उम्मीद थी कि समय के साथ यह कम जरूरी होगी क्योंकि सालभर उत्सर्जन में कमी आएगी, लेकिन अब यह पूरी तरह 'रिएक्टिव' हो चुकी है।

### निर्माण और इंडस्ट्री पर भी रोक

- अब दिल्ली में निर्माण और विध्वंस कार्यों पर भी रोक।
- सिर्फ सड़क, रेलवे और एयरपोर्ट से जुड़े प्रोजेक्ट्स को छूट दी गई है।
- जो उद्योग अनुमोदित ईंधन का इस्तेमाल नहीं करते, उन्हें बंद करने के आदेश।
- सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपर और वॉटर स्प्रिंकलर के जरिए धूल कम करने के निर्देश दिए।

## मौसम विभाग ने 5 राज्यों में शीतलहर की चेतावनी दी

# यूपी,चंडीगढ़ समेत राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी

*तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और ओडिशा में बारिश की संभावना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बारिश के खत्म होते ही अब ठंड ने लोगों की मुसीबतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। मौसम विभाग ने 5 राज्यों के लिए भीषण शीत लहर का अलर्ट जारी किया है। बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान सावधान रहने के लिए कहा गया है। वहीं, दक्षिणी राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और ओडिशा में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस बारिश के चलते तापमान में गिरावट आ सकती है।

**बच्चों और बुजुर्गों को सलाह दी**

**दक्षिणी राज्यों में भी सर्दी और बारिश का होगा असर**



भारतीय मौसम विभाग

### पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी चपेट में

पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर 12 नवंबर के दौरान भीषण शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर 12 नवंबर के दौरान शीत लहर की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 12 से 14 नवंबर के दौरान शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है।

### तमिलनाडु, पुडुचेरी व केरल में पारा4-5 तक गिरेगा

*देश के दक्षिणी राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल शामिल हैं। समुद्र किनारे रहने वाले मछुआरों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। वहीं इस बारिश के चलते इन राज्यों में तापमान में 4 से 5 डिग्री तक कमी आ सकती है।*

### उत्तराखंड भी रहेगा ठंड की चपेट में

उत्तर प्रदेश में 12 नवंबर से सुबह और शाम के समय 17 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी जिससे तापमान में और गिरावट देखी जा सकती है। लखनऊ में 12 नवंबर को अधिकतम तापमान जहां 28 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है तो वहीं न्यूनतम तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पर आ सकता है। ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय ठंड का ज्यादा एहसास होगा। उत्तराखंड में 12 नवंबर को कुछ इलाकों में बर्फीली हवा चल सकती है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ सकता है।

## राजस्थान रोडवेज की लापरवाही

### चलती बस में चालक ने उतारे कपड़े स्टेयरिंग पर टिफिन रख खाया खाना

एजेंसी ▶▶ अजमेर

राजस्थान रोडवेज की लापरवाही एक बार फिर सुर्खियों में है। बस ड्राइवर की करतूत देखकर बस में बैठे सभी यात्री घबरा गए। अजमेर से कोटा जा रही रोडवेज बस के चालक ने निक्कर पहनकर बस भगानी शुरू तो यात्रियों की सांसें अटक गईं।

बस में महिलाओं और बच्चों समेत बड़ी संख्या में यात्री सवार थे।ड्राइवर ने चलती बस में ही स्टेयरिंग को खाने की टेबल बना दिया और टिफिन रखकर खाना खाने लगा।

## सिद्धारमैया ने महती योजना बताया

### मेकेदातु परियोजना पर फिर दिया जोर तमिलनाडु का हित नहीं होगा प्रभावित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मंगलवार को एक बार फिर मेकेदातु परियोजना पर जोर दिया। बेंगलुरु में पानी की समस्या को हल करने के लिए यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और यही वजह है कि कर्नाटक सरकार इस पर खासा जोर दे रही है। हालांकि तमिलनाडु की आपत्ति के चलते इस पर सहमति नहीं बन पा रही है। सिद्धारमैया ने एक बार फिर से मेकेदातु परियोजना पर जोर दिया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल उर्फ रवि, पुत्रः राज कुमार, निवासीः डी–93, प्रह्लाद विहार, प्रह्लाद पुर, नई दिल्ली** ने **FIR No.:451/15, U/s: 380/457/411/34 IPC, पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनिल उर्फ रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनिल उर्फ रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **अनिल उर्फ रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री एब्बानी अग्रवाल**
**जेएमएफसी–03, उत्तर–पश्चिम, कमरा संख्या 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15102/RD/2025**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोहेल, पुत्रः इसराइल, पताः गाँव लखनाका, पुलिस थाना हथीन, जिला पलवल, हरियाणा** ने **FIR No. 153/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोहेल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोहेल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 153/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सोहेल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं. 515**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/14656/SE/2025**

# इंडियन मार्केट्स के आने वाले हैं अच्छे दिन, विदेशी ब्रोकरेज फर्मों की सोच बदली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन मार्केट्स के बुरे दिन अब खत्म हो चुके हैं। अब इंडियन मार्केट्स के अच्छे दिन आने वाले हैं। दरअसल, इंडियन मार्केट्स के बारे में विदेशी ब्रोकरेज फर्मों की सोच बदलती दिख रही है। उनका मानना है कि इंडियन मार्केट्स में हालात बदलने जा रहे हैं। बाजार करीब एक साल के कंसॉलिडेशन से बाहर निकलने को तैयार है।

पिछले साल अक्टूबर में इंडियन मार्केट्स में गिरावट शुरू हुई थी। बीच-बीच में आई हल्की तेजी को छोड़ दिया जाए तो इस दौरान बाजार का सेंटीमेंट कमजोर रहा है। बीते एक साल में सेंसेक्स का रिटर्न सिर्फ 5.5 फीसदी रहा है, जबकि निफ्टी ने 6.48 फीसदी का रिटर्न दिया है। यह ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन के स्टॉक मार्केट्स के रिटर्न से बहुत कम है। एचएसबीसी ने कहा है कि इंडियन फाइनेंशियल मार्केट्स अट्रैक्टिव दिख रहे हैं। एचएसबीसी के एनालिस्ट्स ने भारतीय स्टॉक पर 'ओवरवेट' की पोजीशन की सलाह दी है। उनका कहना है कि अब इंडियन कंपनियों के शेयरों में चाइनीज स्टॉक्स के मुकाबले बेहतर वैल्यू दिख रही है। ब्रोकरेज फर्म ने इंडियन स्टॉक मार्केट्स को 'अच्छा एआई हेज' बताया है। उसका कहना है जो इनवेस्टर्स ग्लोबल मार्केट्स में एआई की वजह से आई तेजी से चिंतित हैं, वे इंडियन मार्केट्स में इनवेस्ट कर सकते हैं।

## बाजार करीब एक साल के कंसॉलिडेशन से बाहर निकलने तैयार

### अगले साल के अंत तक सेंसेक्स 94000 पर होगा

एचएसबीसी ने 2026 के अंत तक सेंसेक्स के 94,000 पर पहुंच जाने का अनुमान जताया है। इसका मतलब है कि सेंसेक्स एक साल में करीब 13 फीसदी चढ़ सकता है। इसका मतलब है कि शेयरों में निवेश बनाए रखने वाले इनवेस्टर्स को अगले एक साल में अच्छा रिटर्न मिल सकता है। बीते एक साल में इंडियन मार्केट्स के रिटर्न से इनवेस्टर्स निराश हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह निराशा अब खत्म होने वाली है। इनवेस्टर्स को आगे धैर्य का बड़ा फायदा मिलने जा रहा है।




### गोल्डमैन सैक्स ने भी किया अपग्रेड

*गोल्डमैन सैक्स ने भी भारतीय स्टाक मार्केट को 'न्यूट्रल' से अपग्रेड कर 'ओवरवेट' कर दिया है। इसे इंडियन मार्केट्स को लेकर ब्रोकरेज फर्म की सोच में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। ब्रोकरेज फर्म ने 2026 के अंत तक निफ्टी 50 के 29,000 पर पहुंच जाने की उम्मीद जताई है। इसका मतलब है कि निफ्टी में अगले एक साल में करीब 13-14 फीसदी की तेजी देखने को मिल सकती है। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि इंडियन मार्केट्स का प्रदर्शन आगे बेहतर रहने की कई वजहें हैं।*

## खबर संक्षेप

### आयरनमैन 70.3 गोवा को सफलतापूर्वक पूरा किया



**नई दिल्ली।** सुधीर कुमार सिंह आईआरटीएस, 2010 ने आयरनमैन 70.3 गोवा को सफलतापूर्वक पूरा किया, जो भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण ट्रायथलॉन में से एक है, जिसमें 1.9 किमी खुले पानी में तैराकी, 90 किमी साइकिलिंग और 21 किमी की हाफ मैराथन शामिल है। खड़ी चढ़ाई, भीषण गर्मी और उच्च आर्द्रता वाले अपने चुनौतीपूर्ण कोर्स के लिए प्रसिद्ध, गोवा संस्करण शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक लचीलेपन, दोनों की परीक्षा लेता है। सिंह की यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासन और दृढ़ता की भावना का प्रमाण है।



### रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे बढ़कर 88.57 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कई अमेरिकी विभागों का कामकाज ठप होने संबंधी (शटडाउन) विधेयक पर प्रगति और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों के बीच रुपये में यह तेजी देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने रुपये को समर्थन प्रदान किया। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.69 पर खुला और दिन के दौरान 88.52 के उच्चस्तर तक गया और 88.72 के निचले स्तर तक आया।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## उद्योग मंडल एसोचैम ने जारी रिपोर्ट में कहा

# भारत के 86 प्रतिशत किसान कृषि प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत को प्रौद्योगिकी से अभी भी अछूते अधिकांश किसानों तक पहुंचने के लिए खंडित कृषि नवाचार से हटकर राज्य-स्तरीय परीक्षण मंच और एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से प्रणालीगत एकीकरण की ओर बढ़ना होगा। उद्योग मंडल एसोचैम की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। उद्योग निकाय ने कहा कि 86 प्रतिशत किसान अभी भी अधिकांश कृषि-प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर हैं, और प्रौद्योगिकी के सत्यापन, व्यावसायीकरण और छोटे किसानों तक उनकी पहुंच के तरीके में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है।

> एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से एकीकरण की ओर बढ़ना होगा

## छोटे किसानों तक अभी तक इसकी पहुंच नहीं हो पाई

### भविष्य के लिए कृषि प्रणाली विकसित करनी होगी

रिपोर्ट में कहा गया, ''भविष्य के लिए तैयार कृषि प्रणाली की ओर भारत की यात्रा इस बात से परिभाषित होगी कि वह प्रौद्योगिकी को समावेशन के साथ, डेटा को निर्णय लेने के साथ और नवाचार को प्रभाव के साथ कितनी प्रभावी ढंग से एकीकृत करता है।'' एसोचैम की रिपोर्ट में वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए सहयोगी परीक्षण स्थल के रूप में काम करने को राज्य-स्तरीय कृषि-तकनीकी सैंडबॉक्स स्थापित करने की सिफारिश की गई है। प्रस्तावित सैंडबॉक्स सरकारी एजेंसियों, स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों को पूर्ण पैमाने पर तैनाती से पहले समाधान को सत्यापित करने के लिए एक साथ लाएंगे।



### 700 से ज्यादा केवीके के बावजूद विकास नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 से ज़्यादा आईसीएआर संस्थान, 60 राज्य कृषि विश्वविद्यालय और 700 से ज़्यादा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) होने के बावजूद, भारत में उभरती कृषि प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए एक एकीकृत प्रणाली का अभाव है।

### प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों में स्थापित हो

प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों के भीतर स्थापित होगा, जिसमें आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और नाबार्ड सहित संबद्ध विभागों और भागीदारों की हिस्सेदारी होगी। कृषि मंत्रालय और नीति आयोग की सह-अध्यक्षता वाली एक राष्ट्रीय संचालन समिति शासन और वित्तपोषण की देखरेख करेगी।

### विकास सत्यापित डेटा पर निर्भर करता है

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि डेटा वर्तमान में अलग-अलग जगहों पर मौजूद है - आईसीएआर और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान परीक्षण, राज्य विपणन बोर्ड के साथ बाजार डेटा और निजी कृषि-तकनीक स्टार्टअप के साथ कृषि-स्तरीय डेटा। यह विखंडन उन अत्याधुनिक नवोन्मेषण के विकास को सीमित करता है जो सत्यापित डेटा पर निर्भर करते हैं।

### कृषि डेटा कॉमन्स की स्थापना का आव्हान

एसोचैम ने एफएओ द्वारा अनुशंसित सिद्धांतों पर आधारित एक 'कृषि डेटा कॉमन्स' की स्थापना का आह्वान किया, जिससे डेटा खोजने योग्य, सुलभ, अंतर-संचालन योग्य और पुनः प्रयोज्य हो सके। रिपोर्ट में विश्व आर्थिक मंच के साथ विकसित तेलंगाना के कृषि डेटा एक्सचेंज (एडीईएक्स) को सुरक्षित, मानक-संचालित डेटा साझाकरण के एक मॉडल के रूप में उद्धृत किया गया है।

### सेल्सफोर्स की स्मार्टब्रिज कंपनी के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** क्लाउड कंप्यूटिंग फर्म सेल्सफोर्स ने मंगलवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी स्मार्टब्रिज के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत एक राष्ट्रव्यापी एआई कौशल पहल शुरू की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा और उद्योग जगत के शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और 2026 के अंत तक एक लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई) के बारे में सिखाया जाएगा।

**PUBLIC NOTICE**

I, Reshma Kumari W/O Late Sh Ashish Kumar R/o H. No. A-220 SECOND FLOOR, L/side, Hari Nagar Ashram,Near Saini Chaupal Ashram, Sun Light Colony, VTC Ashram, PO Jungpura District South Delhi, State Delhi Pin code- 110014 booked a flat (R018K201402) in ECO Village 1 in Greater Noida West Jointly, but unfortunately my husband passed away on 14.06.2019. Now I requested Supertech Limited to transfer the above property in my name alone. If anybody have any objection then he/she can contact at Supertech Limited E Square Sector-96, Noida within 15 days of this notice.

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट), उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल अनुभवी और सक्षम निविदाकारों से एक खुली प्रणाली निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद ई–निविदा आमंत्रित जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कार्य के दायरे के अनुसार स्टीम लोकोमोटिव शेड रेवारी में स्टीम लोकोमोटिव, रोड रोलर्स, स्टीम क्रेन, हेरिटेज कोच और लाउंज कार की पीयू पेंटिंग |
| 2 | कार्यस्थल | रेवारी, हरियाणा |
| 3 | कार्य की अवधि | छह (06) महीने |
| 4 | विज्ञापित मूल्य | रु. 31,52,212.15/– (जीएसटी के प्रावधान सहित) |
| 5 | बयाना राशि जमा की जानी है | रु. 63,100.00/–, केवल नेट बैंकिंग या गेटवे के माध्यम से |
| 6 | निविदा प्रपत्र मूल्य | ₹ 0/- |
| 7 | ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का समय | दिनांक 10.11.2025 से 01.12.2025 12:00 बजे तक |
| 8 | ई–निविदा बंद होने की तिथि और समय | दिनांक 01.12.2025 12:00 बजे |
| 9 | ई–निविदा खुलने की तिथि और समय | दिनांक 01.12.2025 को 12:00 बजे के बाद, यदि खुलने की तारीख अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस पर ई–निविदा खोली जाएगी |
| 10 | ई–निविदा खोलने का स्थान | यांत्रिक विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–55 |

नोटः निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में मिल सकती है।
निविदा सं.: एनआर–DLI0MCNW402025 दिनांकः 11.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3500/25

# सेंसेक्स 336 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 25,700 अंक के करीब

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी, बाजार शुरूआती गिरावट के बाद उबरने में रहा सफल

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांक में बीएसई सेंसेक्स 336 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के करीब पहुंच गया। भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के बीच सेवाओं और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 411.32 अंक की गिरावट के साथ 83,124.03 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 125.1 अंक टूटकर 25,449.25 अंक पर आ गया। हालांकि, दोनों मानक सूचकांकों ने अच्छी वापसी की और कारोबार के अंत में उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 335.97 अंक बढ़कर 83,871.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 120.60 अंक चढ़कर 25,694.95 अंक पर रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''दिल्ली विस्फोट के प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच घरेलू बाजार की शुरुआत हल्की रही। हालांकि, अमेरिकी सीनेट द्वारा विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पारित किए जाने से वैश्विक संकेतों के समर्थन से, बाजार में तेजी से सुधार हुआ और यह लाभ के साथ बंद हुआ।'' नायर ने कहा, ''महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र समाप्त होने वाला है। मझोली तथा छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के चलते इसके सकारात्मक रुख के साथ समाप्त होने की उम्मीद है। आईटी, वाहन, धातु और एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों) क्षेत्रों में बढ़त के कारण यह तेजी बरकरार रही।''



### इन शेयरों रहा लाभ

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### बजाज फाइनेंस में रही गिरावट

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील शामिल हैं। बजाज फाइनेंस का शेयर सात प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साबिर पुत्र मुन्ना अहमद पताः मकान नं. सी–51–52, रघुबीर नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 779/2020 धारा 25/54/59 आर्मस एक्ट के तहत** थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साबिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साबिर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 779/2020 धारा 25/54/59 आर्मस एक्ट के तहत थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त साबिर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
पश्चिम कमरा नं.356,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15167/WD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शुभम कुमार उर्फ मच्छी, पुत्रः श्रवण कुमार निवासः मकान नं. आरजेड–754, पुराना नं. 34ई/1, गली नं. 4/5, मेन सागरपुर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 25020/2016 U/S 379/411/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शुभम कुमार उर्फ मच्छी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शुभम कुमार उर्फ मच्छी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 25020/2016 U/S 379/411/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शुभम कुमार उर्फ मच्छी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती गर्ग–II
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15190/WD/2025 (Court Matter)

# यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस का दीक्षांत समारोह आयोजित

**हरिद्वार।** उत्तराखंड का अग्रणी विश्वविद्यालय यूपीईएस ( यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज ) जो देश ही नहीं विश्व रैंकिंग में शुमार होता है, इसके स्कूल ऑफ बिजनेस के 23वें दीक्षांत समारोह में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। जहां उन्हें उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक डिग्री- डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच-डी मानद उपाधि) उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम यूपीईएस प्रबंधन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने आचार्य का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर आचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा में निरंतरता, सेवा में समर्पण तथा सेवा में संलग्नता ही हमारी शक्ति है। स्वामी के नेतृत्व में पतंजलि के लाखों भाई-बहनों के तप व पुरुषार्थ से पतंजलि विश्वव्यापी सेवा कार्यों को मूर्तरूप प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान हमें और दृढ़ता से अपने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित करते हैं।




**छात्र-छात्राएं अपने जीवन कि नई पारी नव-ऊर्जा का आरंभ करने के लिए होंगे प्रेरित : कुलपति**

कार्यक्रम में यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने मानवता की सेवा में आचार्य के समर्पण एवं निःस्वार्थ योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इनकी प्रेरणा प्राप्त कर स्नातक छात्र-छात्राएं अपने जीवन कि नई पारी नव-ऊर्जा के साथ आरंभ करने के लिए प्रेरित होंगे।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज–सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा–विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई–बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन–सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6045



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

**शब्द पहेली- 6044 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | श | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | श | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | ग | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6055

✱✱✱✱✫ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6054 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# रणजी ट्रॉफी : 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया, इकबाल और पारस ने जड़े शतक

## जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली क्रिकेट को नई शर्मिंदगी से दोचार होना पड़ा जब सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को उसे सात विकेट से शिकस्त देकर उसके खिलाफ रणजी ट्रॉफी में 65 साल में पहली जीत दर्ज की।

दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है, जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी।



### 40 साल के पारस डोगरा ने पहली पारी में लगाया था शतक

जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र में वह रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाए। प्रियांश आर्य जैसे आक्रामक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है।

### हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ हासिल किए 3 अंक

वहीं एक अन्य ग्रुप मैच में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिये। हैदराबाद के पहली पारी के 364 रन के जवाब में राजस्थान ने 269 रन बनाए थे। हैदराबाद ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 244 रन पर घोषित करके राजस्थान को 340 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में उसने तीन विकेट पर 207 रन बना लिए थे। राजस्थान को मैच से एक ही अंक मिला। हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 120 रन से हराकर मुंबई 17 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। जम्मू कश्मीर 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पुडुच्चेरी को दस विकेट से हराकर छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप



### नैशा कुमामोतो मास्टर्स क्वालीफायर में हारी

**कुमामोतो।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वालीफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 18-21 से हार गई। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### खिलाड़ियों ने आईएसएल शुरू करने की अपील की

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है। यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा, 'अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है।'

## भारत - दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 से कोलकाता में पहला टेस्ट

# गिल ने लंबे समय तक की नेट प्रैक्टिस जायसवाल और सुदर्शन ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारुपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी। गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की।



### जायसवाल ने विकेट पर थ्रोडाउन का किया सामना

रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए 67 और 156 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने भी लंबे समय तक विकेट पर मोर्केल और थ्रोडाउन का सामना किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज सहज लय में दिख रहा था तथा आत्मविश्वास के साथ ड्राइव और पुल कर रहा था। नेट पर महत्वपूर्ण समय बिताने वाले एक अन्य बल्लेबाज तमिलनाडु के युवा साई सुदर्शन थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दो अनधिकृत टेस्ट मैचों में केवल 84 रन बनाए थे। टीम प्रबंधन उन्हें तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रहा है लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं।

### पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के आसार


कोलकाता के ईडन गार्डेन्स मैदान में पिछला टेस्ट मुकाबला पिंक बॉल से बांग्लादेश के खिलाफ साल 2019 में खेला गया था। इसके छह साल बाद अब कोलकाता में कोई टेस्ट मैच होने जा रहा है। पिच को लेकर क्यूरेटर सूजान मुखर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हम सभी को रैंक टर्नर जैसी पिच बनाने को किसी ने नहीं कहा है। हमने एक स्पोर्टिंग विकेट तैयार किया है। हेड कोच गौतम गंभीर ने जब विकेट देखा तो वह काफी खुश नजर आए थे। इस विकेट पर तीसरे दिन से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने के आसार हैं। ईडन कभी भी रैंक टर्नर नहीं रहा है और बैटिंग फ्रेंडली होने के साथ-साथ इस मैदान में गेंदबाजों को भी काफी मदद मिलती है।

### टॉस के सिक्के पर होंगे गांधी और मंडेला के चेहरे

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच की सीरीज का नाम फ्रीडम ट्रॉफी रखा गया है। ये नाम दोनों देशों के महान नेता महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के नाम पर रखा गया। अब अहिंसा के पुजारी दोनों नेताओं के चेहरे का चित्र कोलकाता टेस्ट मैच के टॉस के सिक्के पर भी होगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने टॉस के सिक्के पर जानकारी देते हुए कहा, हमने टॉस के लिए एक स्पेशल सिक्का तैयार क्या है, जिसमें एक तरफ महात्मा गांधी का चेहरा तो दूसरी तरफ नेल्सन मंडेला का चेहरा अंकित किया है। ये इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि देने का एक अनूठा तरीका है।

टेनिस

# एटीपी फाइनल्स में सिनर की शानदार शुरुआत



एजेंसी ▶▶| तूरिन

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

सिनर को साल के आखिर तक अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच चल रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में जीत दर्ज करनी होगी और इसके साथ ही उम्मीद करनी होगी कि कार्लोस अल्काराज फाइनल में न पहुंचें। सिनर ने पिछले साल तूरिन में एक भी सेट गंवाए बिना खिताब जीता था और 2023 के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद से वह इस प्रतियोगिता में नहीं हारे हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष टूर्नामेंट और स्थान है।' सिनर और अलेक्जेंडर ज्वेरेव एक-एक जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर हैं। ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को हराया था। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे। इससे पहले टेलर फ्रिट्ज़ ने लोरेंजो मुसेट्टी को 6-3, 6-4 से हराया।

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप

# विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए ऐश्वर्या ने जीता सिल्वर

एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता।

फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय नीरज कुमार 432.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले 24



वर्षीय ऐश्वर्या ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। ऐश्वर्या ने क्वालीफिकेशन में 597 (40 एक्स) का स्कोर बनाकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की उनके हमवतन नीरज भी 592 अंकों के साथ फाइनल में पहुंच गए।

### मनु और ईशा पदक से चूकीं

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और कई एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पदक जीतने से चूक गईं। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं और 139.5 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। हाल ही में चीन के निंगबो में विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा भी दबाव में धैर्य नहीं दिखा सकी। 20 वर्षीय यह निशानेबाज आठ निशानेबाजों के फाइनल में 10.7 के शानदार प्रदर्शन के बाद 14वें निशाने में 8.4 अंक ही बना पाईं और छठे स्थान पर रहीं।

### चीन ओपन में जीती अनाहत, अभय और सेंथिलकुमार बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शंघाई में चीन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की लेकिन उनके हमवतन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत ने मिस्र की मेना हामिद को इस पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-3 से हराया। अनाहत अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम से भिड़ेंगी। अभय को फ्रांस के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी बापतिस्ते मसोती ने 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। सेंथिलकुमार को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले मिस्र के मोहम्मद अबोलघर के खिलाफ 8-11, 12-14, 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### दीपिका और धीरज का एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**ढाका।** स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा ने टीम स्पर्धाओं में जगह बनाने से चूकने के बाद मंगलवार को एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप की रिकर्व स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने कम से कम तीन व्यक्तिगत पदक पक्के किए। क्वालीफिकेशन दौर में अपने हमवतन खिलाड़ियों के बीच अंतिम स्थान पर रहने के बाद टीम स्पर्धाओं में जगह बनाने में असफल रहे शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीयों दीपिका और धीरज ने व्यक्तिगत एलिमिनेशन शुरू होने पर जोरदार वापसी की। दीपिका ने शंघाई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता कोरिया की ली गेह्युन को 7-3 से हराकर महिला रिकर्व सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन अंकिता भकत से होगा। इस बीच अंकिता ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन कोरिया की जेंग मिन्ही को 6-4 से हराया। संगीता ने भी ईरान की जारे रेहाने को 7-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया जहां उनकी भिड़ंत कोरिया की नाम सुह्योन से होगी। दीपिका, अंकिता और संगीता तीनों के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ भारत के पास महिला रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप करने का मौका होगा पुरुष रिकर्व वर्ग में धीरज ने अपने खराब क्वालीफिकेशन दौर की भरपाई करते हुए उज्बेकिस्तान के अमीरखोन सादिकोव को शूट ऑफ में हराया।

### एशियाई खेल 2014 की पदक विजेता तार गोला फेंक खिलाड़ी मंजू बाला पर डोपिंग के कारण पांच साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** इंचियोन एशियाई खेलों की पदक विजेता तार गोला फेंक खिलाड़ी मंजू बाला पर नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने 2024 में प्रतिबंधित दवाओं के सेवन के लिए पॉजिटिव परीक्षण के बाद पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

एशियाई खेल 2014 में कांस्य पदक जीतने वाली मंजू का डिहाइड्रोक्लोरोमिथाइल-टेस्टोस्टेरोन (स्टेरॉयड) और सार्म्स एलजीडी-4033 (लिगैंड्रोल) के लिए परीक्षण पॉजिटव आया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पिछले साल सितंबर में उनके डोपिंग में असफल होने की जानकारी सार्वजनिक की थी। एडीडीपी द्वारा 15 अक्टूबर को दिए गए फैसले के अनुसार उनका निलंबन 10 जुलाई 2024 से लागू होगा। एक अन्य एथलीट मोहन सैनी पर भी 14 अक्टूबर 2025 से चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। तीन बॉडीबिल्डर गोपाल कृष्णन, अमित कुमार और राजवर्धन संजय वास्कर पर छह-छह साल का प्रतिबंध लगाया गया है जबकि इसी खेल के शुभम महारा पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। मुक्केबाज सुमित पर दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है जबकि कैनोइस्ट नितिन वर्मा और बास्केटबॉल खिलाड़ी शिवेंद्र पांडे पर क्रमशः चार और छह साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इस बीच एडीडीपी द्वारा 2024 में धावक हिमानी चंदेल पर चार साल का प्रतिबंध लगाने के फैसले को डोपिंग रोधी अपील पैनल ने बरकरार रखा है।

# 10 साल की अतीका ने हासिल की ऐतिहासिक पोल पोजीशन

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही। दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं, जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैंपियनशिप के लिए चुना था। अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही।



### मेरे लिए शानदार : अतीका

जम्मू कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा, 'यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही। यहां से मिली सीख से मैं आगे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करूंगी।' अतीका के पिता और भारत के पहले राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियन आसिफ मीर का मानना है कि पोल पोजीशन और पोडियम हासिल करने के बावजूद यह मिश्रित सफलता वाला सप्ताहांत रहा। उन्होंने कहा, 'यह एक खट्टा मीठा सप्ताहांत रहा। मुझे लगता है कि हम फाइनल में जीत हासिल करने की अच्छी स्थिति में थे।

**नागल का वीजा हुआ रिजेक्ट चीनी दूतावास से मांगी मदद (नई दिल्ली)।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के दूतावास से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन प्लेऑफ के लिए चीन जाने के उनके वीजा आवेदन को बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया था। नागल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपील की, जिसमें उन्होंने भारत में चीनी राजदूत और चीनी दूतावास के प्रवक्ता को टैग किया। नागल ने लिखा, 'भारत में चीन के दूतावास और भारत में चीन के प्रवक्ता। मैं सुमित नागल हूं, भारत का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी। मुझे ऑस्ट्रेलियाई ओपन प्लेऑफ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए जल्द ही चीन जाना है लेकिन मेरा वीजा बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में डांगरा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण। | 10.11.2025 17.11.2025 | 24.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | डीआरबी आरडी 164493 जेएलएन फीडर पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना। | 10.11.2025 17.11.2025 | 5.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में घाव देखभाल इरीगेशन एवं क्लीनिंग सोल्यूशन 250 एमएल और एरोसोल 100जीएम में एक्वा जैल स्प्रे की खरीद के लिए निविदा। | 12.11.2025 24.11.2025 | 1.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में हाइड्रोक्सापेटाइट ग्रेन्यूल्स के कम्पोज्ड सिंथेटिक बायोएक्टिव मैटेरियल की खरीद के लिए निविदा। | 12.11.2025 24.11.2025 | 1.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में हाइड्रोक्सापेटाइट ब्लॉक के कम्पोज्ड सिंथेटिक बायोएक्टिव मैटेरियल की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 12.11.2025 24.11.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध। (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 12.11.2025 23.11.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रोहतक | गांव रिठाल नरवाल (ब्लॉक आर I-7 से आर I-15 संयुक्त) जिला रोहतक में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर-लॉग्ड और सेलाइन सोइल्स का रिक्लेमेशन। | 10.11.2025 20.11.2025 | 478.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रोहतक | गांव किलोई खास (1103 एकड़) ब्लॉक IV_KI-1 से R-IV_KI-11 तक जिला रोहतक में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर-लॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 10.11.2025 20.11.2025 | 472.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रोहतक | गांव कलोई दोपाना में एसएसडी टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर-लॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 10.11.2025 24.11.2025 | 555.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/180/40211/I/88/7 दि. 11.11.25




### दिल्ली धमाके की घटना पर भूटान से प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक...

# धमाके के साजिशकर्ताओं सहित सभी दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

*कड़ी चेतावनी संग बोले रक्षा मंत्री, घटना की जांच जारी है, तथ्यों को जनता के सामने रखेंगे।*

*भारत को मिला अमेरिका, चीन, रूस, इजरायल समेत दुनियाभर के देशों से समर्थन।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कार धमाके के ठीक अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मामले को लेकर बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। जिसमें उन्होंने यह साफ कर दिया कि किसी भी हालत में धमाके की इस घटना में शामिल षडयंत्रकारियों से लेकर अन्य दोषियों तक किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सभी को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं और आज पूरा देश उनके साथ मजबूती से खड़ा है। पीएम मंगलवार से भूटान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं और उन्होंने यह जानकारी थिम्पू में चौथे भूटानी नरेश की 70वीं जयंती के मौके पर आयोजित किए गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि आज मैं बहुत ही भारी मन से भूटान आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है। पीएम ने बताया कि मैं बीते 10 नवंबर की रात इस घटना की जांच कर रही सभी एजेंसियों के संपर्क में था। विचार-विमर्श चलता रहा। जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। बल्कि उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



## भूटान के प्रति जताया आभार

प्रधानमंत्री ने भारत के साथ एकजुटता के भावपूर्ण प्रदर्शन के लिए भूटान की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त किया। दिल्ली की दुखद घटना के बाद भूटान की जनता ने पीड़ितों और उनके परिजनों के लिए एक अनोखी प्रार्थना की। पीएम मोदी ने करुणा और एकता के इस अप्रतिम कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मैं आपके द्वारा प्रदर्शित किए गए इस भाव को कभी नहीं भूलूंगा।

### राजनाथ ने भी दी कड़ी चेतावनी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी नई दिल्ली में एमपी-इडसा नामक थिंक टैंक में एक कार्यक्रम में चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस धमाके की घटना की जांच चल रही है। जो कोई भी इस घटना के लिए जिम्मेदार होगा। उसे हम किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे।

### भारत के पक्ष में खड़ी दुनिया

वहीं, इस घटना को लेकर अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी महाशक्तियों के अलावा दुनिया के कई अन्य देशों का समर्थन भारत को मिला है। जिसमें इजरायल, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल और आयरलैंड जैसे देश शामिल हैं। सभी ने अत्यंत दुख जताते हुए धमाके में मारे गए दर्जनभर से अधिक लोगों और घायलों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट की हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के ब्यूरो ऑफ साउथ एंड सेंट्रल एशियन अफेयर्स ने एक्स पर पोस्ट में इस भीषण धमाके को लेकर संवेदनाएं प्रकट की और कहा कि अमेरिका लगातार हालात पर बेहद बारीकी से नजर बनाए हुए है। नई दिल्ली में हुई इस घटना से प्रभावित हुए लोगों के साथ हम खड़े हैं। घटना में जान गंवाने वाले पीड़ित परिवारों के प्रति हम अपनी ओर से संवेदनाएं जताते हैं।

## चीन, रूस और अन्य देशों की प्रतिक्रिया

भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने एक्स पोस्ट में बताया कि दिल्ली लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की घटना से दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। इसके अलावा चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, हम दिल्ली में हुई घटना से बुरी तरह से आहत हैं। मृतकों और घायलों को लेकर जियान ने संवेदनाएं प्रकट की हैं। राजधानी में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने एक्स पर कहा, इस घटना से हम स्तब्ध हैं। धमाके की जांच चल रही है, जिसके बाद इसके पीछे के कारणों का पता लग जाएगा। हम मृतकों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके कहा, दुख की इस घड़ी में श्रीलंका एकजुटता के साथ भारत के लोगों के साथ खड़ा है। घटना से हम स्तब्ध हैं और हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावितों के साथ हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने कहा, धमाके से जुड़े शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं जताते हैं। मालदीव इस मुश्किल वक्त में भारत और उसकी आम जनता के साथ खड़ा है। इजरायल के राजदूत ने भी घटना पर दुख जताते हुए प्रभावितों के प्रति संवेदनाएं जताई और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### ब्रिटेन ने जारी किया परामर्श

ब्रिटेन ने भारत की यात्रा पर जाने वाले और देश में पहले से मौजूद अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। जिसमें नई दिल्ली के आस पास के क्षेत्र में मौजूद ब्रिटेन के नागरिकों से कहा गया है कि वो स्थानीय अधिकारियों की सलाह के साथ ही मीडिया पर कड़ी नजर बनाए रखें। जम्मू-कश्मीर, मणिपुर के क्षेत्र के संबंध में भी परामर्श को समान रूप से लागू किया गया है। इसके अलावा भारत-पाकिस्तान सीमा के 10 किलोमीटर के क्षेत्र में नागरिकों को यात्रा न करने का सुझाव भी इस परामर्श में दिया गया है। इसमें हालांकि वाघा सीमा को इससे बाहर रखा गया है। जिससे यात्री सीमा पार कर सकते हैं। परामर्श में भारत के संबंध में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका उद्देश्य यात्रियों द्वारा यात्रा संबंधी निर्णय लेते वक्त तमाम जोखिमों को उनके सामने प्रस्तुत करना बताया गया है। जिनकी अनदेखी करने पर उनका यात्रा बीमा अमान्य हो सकता है। ये परामर्श ब्रिटेन के एफसीडीओ का यात्रा संबंधी मार्गदर्शन है। न की सरकार की तरफ से लागू किया गया कोई नया कानून है।

### राजदूत ने बताया सुरक्षा के लिए जरूरी

## फिलिस्तीन ने कहा- यूएनएससी में भारत को शामिल करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा है कि भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेता ने फिलिस्तीन की हिमायत की है। शावेश ने यह बातें एक एक इंटरव्यू में कहीं।



राजदूत शावेश

शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजराइल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे।

उन्होंने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजराइल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं।

### भुखमरी का शिकार बच्चे

अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं। दो साल पहले सात अक्तूबर को हमास द्वारा इजराइल में घुस कर निर्दोष नागरिकों को मारने और उनके अपहरण के बारे में पूछने पर फलस्तीनी राजदूत ने कहा कि हमारे साथ 106 साल से जो अन्याय हो रहा है उसके आधार पर सात अक्तूबर को जो हुआ उसको जायज नहीं ठहराया जा सकता है।

### खड़े ट्रक से टायर चोरी कर ले गए शातिर

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक ट्रांसपोर्टर ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके दो ट्रकों के सात नग टायर, जिसकी कीमत तीन लाख रुपए है, चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिंगरोड में न्यू ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट के मालिक रियाज खान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रियाज ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर शनिवार-रविवार दरमियानी रात ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़े उसके दो ट्रक के टायर चोरी कर ले गया।

### 11 साल बाद अवशेषों का अंतिम संस्कार हुआ

**तेलअवीव।** मध्य इजराइल में हजारों लोग इजराइली सैनिक



लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, जिनका शव 11 वर्षों से गाजा में हमास के कब्जे में था। गोल्डिन के अंतिम संस्कार के दौरान कब्रिस्तान में भारी भीड़ थी । लोग इजराइल के राष्ट्रीय ध्वज के साथ मौजूद थे। लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का अंतिम संस्कार उनके परिवार के लिए भावुक करने वाला क्षण था, जिन्होंने अवशेषों को घर लाने के लिए एक अभियान चलाया था।

### नेपाल में फिर भड़की हिंसा जमकर हुई तोड़फोड़

**काठमांडु।** नेपाल के मधेस प्रांत में सीपीएन-यूएमएल नेता सरोज



कुमार यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद हिंसा फैल गई। जनकपुरधाम के मुख्यमंत्री कार्यालय में तोड़फोड़ और सड़क जाम की घटनाएं हुईं। प्रांतीय प्रमुख सुमित्रा सुवेदी भंडारी ने यादव को शपथ दिलाई, जबकि नेपाली कांग्रेस समेत सात दलों की दावेदारी नजरअंदाज की गई। जेन-जी के प्रदर्शन से उबर रहे नेपाल में अब मधेस में हिंसा भड़क गई है।

## हाइवे पर उतरे इंडियन एयरफोर्स के फाइटर जेट



### टच एंड गो और रन के बाद भरी उड़ान हुआ युद्धाभ्यास 'महा

*जयपुर। राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है, तो दूसरी तरफ इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार को बाड़मेर-जालौर की सीमा पर गांधव (बाखासर) में 'महा गजराज' युद्धाभ्यास किया। वायुसेना के जाबांजों ने भारत माला एक्सप्रेस-वे पर फाइटर जेट उतारे और इमरजेंसी लैंडिंग भी करवाई। भारत माला एक्सप्रेस वे हाईवे पर 925ए पर गांधव इलाके में 3 किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी बनी एयर स्ट्रिप पर यह नजारा देखने को मिला।*

### पाकिस्तान में सबसे ज्यादा पावरफुल हुए मुनीर

## परमाणु हथियारों की कमांड भी संभालेंगे अब सेना प्रमुख

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आसिम मुनीर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से भी ज्यादा ताकतवर होने जा रहे हैं। उन्हें तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जा रहा है। यह पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। शहबाज सरकार इसके लिए संविधान में बदलाव कर रही है। इससे जुड़ा बिल संसद के ऊपरी सदन सीनेट में पास किया



आसिम मुनीर

गया। इसके पक्ष में 64 वोट पड़े, जबकि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। वहीं निचले सदन यानी नेशनल असेंबली में इस पर कल वोटिंग होगी। इसे 27वां संविधान संशोधन कहा जा रहा है। इसके जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट और अदालत की भी ताकत घटाने जा रही है। इस विधेयक को पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा और विवादास्पद प्रस्ताव माना जा रहा है।

कहा जा रहा है कि यह देश की न्याय व्यवस्था और सैन्य ढांचे दोनों को बदलकर रख देगा। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार के पास दोनों सदनों में संशोधन पारित कराने के लिए पर्याप्त बहुमत मौजूद है। पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के दस्तखत के लिए भेजा जाएगा।

### दिल्ली में एमपी-इडसा थिंक टैंक कार्यक्रम में बोले सीडीएस

## जंग में कोई उप-विजेता नहीं होता, सिर्फ जीत ही सब कुछ होती है: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि युद्ध में केवल एक बात महत्वपूर्ण होती है। वो होती है सिर्फ जीत। इसके बजाय कोई उप-विजेता (सिल्वर मेडल) यानी द्वितीय पुरस्कार या किसी किस्म का कोई सांत्वना पुरस्कार इसमें नहीं होता है। जंग के साथ हालांकि राष्ट्रों का भविष्य और अस्तित्व दोनों जुड़े हुए होते हैं। यह जानकारी सीडीएस ने दिल्ली कार धमाके के अगले दिन मंगलवार को एमपी-इडसा नामक थिंक टैंक में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है। जिसमें उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से यह अपील भी की कि वो आधुनिक तकनीक को आत्मसात करें और अपने विरोधियों से हमेशा एक कदम आगे बने रहें। क्योंकि यह तकनीक ही भावी युद्धों में जीत की कुंजी का कार्य करेगी।

### तकनीक से पिछड़ गई रणनीति

सीडीएस ने ये भी कहा कि सैन्य कमांडर हर दौर और युग में रणनीति के जरिए ही अपने विरोधियों को धूल चटाने की कोशिश करते रहते हैं। युद्ध और उसमें मिलने वाली सफलता भी कहीं न कहीं इसी रणनीति पर निर्भर करती है। पूर्व में सैन्य रणनीति के केंद्र में संबंधित इलाके का भूगोल रहता था। लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं है। आज तकनीक ने रणनीति और भूगोल दोनों को पछाड़ दिया है। प्राचीन समय में पूरे का पूरा युद्ध कमांडरों की बेहतर रणनीति और युद्धकौशल की मदद से जीत लिया जाता था। लेकिन आज के युग में ड्रोन, साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अंतरिक्ष से जुड़ी हुई तकनीकों ने युद्ध के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। जिसकी वजह से जंग तकनीक पर निर्भर हो गई है।

### मजबूत सिस्टम से मिली सफलता

उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर भारत का एकीकृत एयर कमांड एंड कंट्रोल अच्छा और मजबूत नहीं होता तो हमें उतनी सफलता नहीं मिलती। जितनी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अब मिली है। इस सैन्य अभियान ने साफ तौर पर प्रदर्शित किया है कि कैसे एक शानदार और असरदार अभियान को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बीते दो दशक में हमारा ये नेटवर्क सिस्टम काफी विकसित हुआ है। जिसकी मदद से अब न केवल जरूरत पड़ने पर दुश्मन को करारा जवाब दिया जा सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109